संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना


Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-129 रविवार, 10 मार्च 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रुपये

# छत्तीसगढ़ की जनता को मिलेगी करोड़ों की सौगात

## आज लगभग 700 करोड़ रुपए सीधे पात्र महिलाओं के खाते में होगा ट्रांसफर

- छत्तीसगढ़ में होली से पहले आई रौनक
- महिलाओं और किसानों के खाते में ट्रांसफर होंगे करोड़ों रुपए
- महतारी वंदन व कृषक उन्नति योजना किया जाएगा लांच
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली कार्यक्रम से जुंगे और राशि जारी करेंगे



**रायपुर,09 मार्च 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार दो बड़ी योजना लांच करने जा रही है। इससे महिलाओं और किसानों को सीधा फायदा होगा। महतारी वंदन योजना की शुरुआत 10 मार्च को होगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी महिला हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे।

### 70 लाख महिलाएं होंगी लाभांवित

बता दें कि योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाएं लाभांवित होंगी। योजना की पहली किस्त के रूप में लगभग 700 करोड़ रुपए की राशि जारी की जाएगी। योजना के लांच होने के साथ ही अब हर महिला को प्रति माह एक हजार रुपए खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इस तरह एक साल में महिलाओं को 12 हजार रुपए मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ की राजधानी समेत जिला और ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन होगा। जबकि 12 तारीख को किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत धान की अंतर की राशि दी जाएगी। इस मौके पर कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और गिरिराज सिंह रहेंगे।

### किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का फैसला

छत्तीसगढ़ सरकार ने चुनाव से पूर्व के वादे को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का फैसला लिया है। इस साल प्रदेश सरकार ने 1.47 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की है। जिसमें किसानों को सरकार ने समर्थन मूल्य यानी 2183 रूपए भुगतान किया था।मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश सरकार ने कृषक उन्नति योजना को अमल में लाने की घोषणा की है। योजना के माध्यम से अंतर की राशि यानी 917 रूपए प्रति क्विटंल किसानों के खाते में जमा किए जाएंगे। प्रदेश सरकार 12 मार्च को चालू खरीफ सत्र की धान खरीदी की अंतर की राशि 13 हजार करोड़ रुपए (917 रुपए प्रति क्विंटल की दर से) 24 लाख से अधिक किसानों के खाते में जमा करने जा रही है।




# कब बुझेगी मंत्रालय भवन की आग?

- रेस्क्यू में जुटी सेना-दमकल की टीम,
- धरने पर बैठे जीतू पटवारी
- भोपाल में मंत्रालय भवन में लगी भीषण आग
- मंत्रालय भवन में लगी आग हुई बेकाबू।
- सीएम मोहन यादव ने दिया जांच का आदेश।

**नई दिल्ली,09 मार्च 2024(ए)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के वल्लभ भवन (मंत्रालय) में लगी आग बढ़ती ही जा रही है। आग पर काबू पाने के लिए भारतीय सेना को बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग के 45 से अधिक कमरों तक आग पहुंच गई है। फायर विभाग और सेना की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ये आग बिल्डिंग के दूसरे कमरों तक फैल रही है।

शनिवार सुबह मंत्रालय वल्लभ भवन में आग लग गई। ये आग बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर लगी थी, जो थोड़ी देर में ही पूरे भवन में फैल गई। ये आग गेट नंबर 5 और 6 के बीच बड़ी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर लगी थीआग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की कई टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की।

## संक्षिप्त खबरें

### नरेंद्र मोदी आज जारी करेंगे महतारी वंदन योजना की राशि



**रायपुर,09 मार्च 2024 (ए)।** प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना योजना का पैसा महिलाओं को 10 मार्च को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए वर्चुअल रूप से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खातों में पैसा ट्रांसफर करेंगे।इस आयोजन को व्यापका रूप से बनाने के लिए राजधानी रायपुर के अलावा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय के इसका आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को व्यापाक रूप से बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश सरकार ने जिला मुख्यालय के साथ ब्लॉक स्तर, नगरीय निकायों में इसका आयोजन किया जाएगा।

### तुलसी कौशिक बनाए गए सीएम विष्णुदेव साय के निज सहायक



**रायपुर,09 मार्च 2024(ए)।** राज्य शासन ने तुलसी कौशिक को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सहायक नियुक्त किया है, जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया है। बता दें कि तुलसी कौशिक जशपुर के कांसाबेल के रहने वाले हैं, जो मुख्यमंत्री विष्णुदेव के साथ सालों से जुड़े हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रेस अधिकारी बनाए गए आलोक सिंह



**रायपुर,09 मार्च 2024(ए)।** राज्य शासन ने आलोक सिंह को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रेस अधिकारी नियुक्त किया है,जो सीएम को मीडिया के सम्बन्ध में परामर्श देंगे. वहीं सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

# बीजेपी-टीडीपी और जन सेना के बीच गठबंधन तय

- इस फॉर्मूले पर बनी सहमति; चंद्रबाबू नायडू ने किया बड़ा दावा
- नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ की
- दूसरे दौर की बातचीत में लगी गठबंधन पर मुहर
- टीडीपी 17 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव



**नई दिल्ली,09 मार्च 2024(ए)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा सभी संभावनाएं तलाश रही है, ताकि एनडीए 400 और अकेले पार्टी को 370 सीटें मिल सकें। इसके लिए भाजपा उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक अपने आपको मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में आंध्र प्रदेश में भाजपा, टीडीपी और जन सेना ने गठबंधन करने का फैसला किया है।

आंध्र प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी और जन सेना पार्टी के बीच आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन बनाने पर सहमति बन गई है।

### नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए नायडू ने कहा, आंध्र प्रदेश बुरी तरह नष्ट हो गया है। भाजपा और टीडीपी का एक साथ आना देश और राज्य के लिए जीत सुनिश्चित करेगा।÷ साथ ही उन्होंने सत्तारुढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारा गठबंधन आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतेगा।

### दूसरे दौर की बातचीत में लगी गठबंधन पर मुहर

सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत के बाद तीनों दलों ने गठबंधन पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जन सेना मिलकर आंध्र प्रदेश में लगभग आठ लोकसभा और 30 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं।

### टीडीपी 17 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव

सूत्रों के मुताबिक, टीडीपी शेष 17 लोकसभा सीट और 145 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि गठबंधन की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि भाजपा आंध्र प्रदेश की लगभग छह लोकसभा और इतनी ही संख्या में विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

### बैठक में शाह, नड्डा और पवन कल्याण रहे मौजूद

बता दें कि टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और जन सेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण की दूसरे दौर की बातचीत में यह समझौता हुआ है। वहीं, आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे।



## मोदी ने दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सेला सुरंग का किया उद्घाटन

**ईटानगर,09 मार्च 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह 13 हजार फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सुरंग है।यह सुरंग भारत की सुरक्षा को मजबूत करेगी और जरूरत पड़ने पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सशस्त्र बलों की पहुंच को आसान बनाएगी।

सुरंग को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद, पीएम ने लोगों से इसे देखने और क्षेत्र में व्यापार व पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद का आग्रह किया।पीएम ने कहा, सेला सुरंग पहले ही बन जानी चाहिए थी, लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया। इस मौके पर पीएम ने तवांग से दो बसों को हरी झंडी भी दिखाई।

# अरविंद केजरीवाल बीजेपी पर साधा निशाना



- केजरीवाल विधानसभा में बोले- भाजपा विनाश मॉडल अपना रही
- ईडी के 8 समन मिलने पर कहा- तुम जितने समन भेजोगे, मैं उतने स्कूल बनवाऊंगा

**नई दिल्ली,09 मार्च 2024(ए)।** दिल्ली विधानसभा में शनिवार (9 मार्च को) 10वां बजट पेश किया गया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आप सरकार विकास का मॉडल अपना रही है, जबकि भाजपा विपक्षी दलों को सत्ता से बाहर करने और सरकारें गिराने के साथ विनाश का मॉडल अपना रही है।

आप सरकार के 2024-25 बजट पर दिल्ली विधानसभा में बोलते हुए केजरीवाल ने यह भी कहा कि ये इतना अच्छा बजट था कि लोग अब कह रहे हैं कि आप कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा।

इस दौरान केजरीवाल ने ईडी के समन मिलने पर भी कहा- मुझे अब तक 8 समन मिल चुके हैं, शायद 9वां भी मिलने वाला है। लेकिन मैं सदन में ये घोषणा कर रहा हूं कि तुम जितने समन भेजोगे, मैं उतने स्कूल बनवाऊंगा।

### भाषण से पहले मनीष सिसोदिया को याद किया...

केजरीवाल ने भाषण के कई दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी याद किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग का ख्याल रखने वाला बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री आतिशी की भी सराहना की। सिसोदिया इस समय दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े केस में जेल में बंद हैं।

### केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी की संभावना जताई

केजरीवाल ने यह दावा भी किया कि बीजेपी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है और उन्हें जेल भेजने की योजना बनाई जा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने भाजपा पर उनकी सरकार गिराने के लिए विपक्षी विधायकों को तोड़ने और उनकी सरकार के अच्छे कामों को रोकने का भी आरोप लगाया।

## चंद्रबाबू नायडू की एनडीए में वापसी तय

**नई दिल्ली,09 मार्च 2024(ए)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की एनडीए गठबंधन में वापसी लगभग तय हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर हुई महत्वपूर्ण बैठक में सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर सहमति बन गई है। अमित शाह के आवास पर चल रही बैठक अब खत्म हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जल्द ही औपचारिक तौर पर गठबंधन का ऐलान कर सकते हैं। भाजपा आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और पवन कल्याण की जनसेना पार्टी के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी।शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर अमित शाह, जेपी नड्डा, चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के बीच हुई बैठक में सीट बंटवारे पर सहमति हो जाने के बाद नायडू की एनडीए गठबंधन में वापसी का रास्ता भी साफ हो गया है। बताया जा रहा है कि ये तीनों दल एनडीए गठबंधन के तहत लोकसभा और विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे।



## बोफोर्स मामले में जल्द सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी



**नई दिल्ली,09 मार्च 2024(ए)।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स रिश्वत कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद्द करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की गई है।अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अर्जी खारिज कर दी थी।

# खुलेआम टहलता दिखा रामेश्वरम ब्लास्ट का संदिग्ध




### जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये नकद इनाम

**बेंगलुरु,09 मार्च 2024(ए)। ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में संदिग्ध के दो वीडियो और तस्वीरें जारी कीं। एजेंसी ने आम लोगों से संदिग्ध की पहचान करने में सहयोग करने की अपील की है।एनआईए द्वारा जारीकी गई 49 सेकंड के वीडियो में संदिग्ध एक सरकारी बस में चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो में वह बस की बीच वाली सीट से उठकर पिछले हिस्से की ओर बढ़ रहा है और दूसरी सीट पर बैठ रहा है। एनआईए द्वारा जारी किए गए नौ सेकंड के एक और वीडियो में संदिग्ध, जिसकी पहचान नहीं की गई है, वह बेंगलुरु में एक बस स्टॉप पर टहलता हुआ नजर आ रहा है। सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए एनआईए ने एक्स पर किए गए पोस्ट में लोगों से संदिग्ध की पहचान करने का आग्रह किया।

## पोटा केबिन में आग लगने से हुई 4 वर्षीय बालिका की मौत की जांच के लिए समिति का गठन



**बीजापुर/रायपुर,09 मार्च 2024(ए)।** बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत चिंताकोंटा गांव स्थित शासकीय आवासीय विद्यालय (पोटा केबिन) में घटित अग्निकांड में 4 वर्षीय बालिका की मौत की घटना को को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व विधायक श्रीमती देवती कर्मा जी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है जिसमें श्रीमती देवती कर्मा विक्रम मंडावी,विमलचंद सुराना, शंकर कुडियाम, लालू राठौरशामिल है।

जांच समिति के सदस्यों से आग्रह है कि, वे अविलंब घटना स्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार, छात्राओं विद्यालय प्रशासन तथा ग्रामवासियों से भेंट / चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

## भाजपा नेता को मारी गोली



**मोहला-मानपुर,09 मार्च 2024(ए)।** मोहला-मानपुर जिले के खडग़ांव क्षेत्र में कथित नक्सल हमले में गोली लगने से क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गया। वारदात को लेकर पुलिस ने आशंका जाहिर की है। पूरा मामला रहस्यमय हो गया है। एमएमसी जिले के एसपी रत्ना सिंह मामले की खुद निगरानी कर रही है। घटना से जुड़े तथ्यों को पुलिस एकत्रित कर रही है। इसके बाद घटना की स्पष्ट वजह सामने आएगी। जानकारी के मुताबिक खडग़ांव थाना क्षेत्र के बोदरा के रहने वाले सकुनराम सलामे को गोली लगने की खबर लगने के बाद ग्रामीणों ने जंगल से उसे बेहोशी की हालत में देखा। इसके बाद मामले की सूचना दी गई। ग्रामीणों की मदद से घायल भाजपा नेता को मानपुर अस्पताल लाया गया, जहां से उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। जख्मी भाजपा नेता की स्थिति फिलहाल स्थिर है।

## चुन्नीलाल साहू-चौलेश्वर ने थामा भाजपा का दामन

**रायपुर,09 मार्च 2024(ए)।** कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के पहले लगातार झटके मिल रहे हैं। एक तरफ बगावत का शोर गूंज रहा है, तो दूसरी तरफ एक के बाद एक कांग्रेस पार्टी से इस्तीफों का दौर शुरू हो रहा है। इधर दूसरी तरफ भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा के बाद बिलासपुर संभाग के दो कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया।



कांग्रेस के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू और पूर्व जिला अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्रकार ने भाजपा ज्वाइन कर लिया है। इन दोनों नेताओं के साथ ही कुछ कांग्रेस के अन्य नेताओं ने किया भाजपा प्रवेश किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा ने बीजेपी का गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया।

## संपादकीय

### मूलभूत सिद्धांत की पुष्टि

कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, या इंटरनेट से ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। मुकदमा चलाने के लिए ऐसा ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ।बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को मिले अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की फिर पुष्टि की है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने इसी बुनियादी सिद्धांत के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को यूएपीए के तहत दर्ज मामले से बरी किया है। स्पष्टत÷ कोर्ट ने किसी नए सिद्धांत की स्थापना नहीं की है। ना ही उसने कानून की कोई नई व्याख्या की है।अतीत में सर्वोच्च न्यायालय दो टूक लहजे में ऐसी व्याख्याएं कर चुका है। लेकिन हाल के वर्षों में देश में जैसा माहौल रहा है, उसके बीच हाई कोर्ट का ताजा निर्णय मील के पत्थर की तरह महसूस होता है। कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, अथवा इंटरनेट पर मौजूद ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। ऐसी गतिविधियों के कारण किसी पर अभियोग लगाया जाएगा, तो यह संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगा।दो जजों की बेंच ने कहा कि मुकदमा चलाने के लिए इस बात का ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि इंटरनेट पर नक्सली या कम्युनिस्ट नजरिए वाली सामग्रियों को ढूंढना एक आम चलन है। लोग चाहें तो ऐसी सामग्रियां स्कैन या डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें ऐसे वीडियो भी शामिल हैं, जिन्हें हिंसक प्रकृति का माना जाएगा।चूंकि साईबाबा और पांच अन्य लोगों पर ऐसी ही गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यूएपीए लगा दिया गया था, इसलिए कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। इस बीच ये पांचों लोग पांच साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं। अब यह जाहिर है कि उन्हें ऐसे आरोप में जेल में रखा गया, तो असल में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत जुर्म नहीं है। इस रूप में उनके लिए न्याय की प्रक्रिया ही दंड बन गई। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा अनगिनत अन्य व्यक्तियों के साथ भी हो रहा है।

# एक साथ चुनाव,आम सहमति जरूरी

विपक्ष की लगभग सभी पार्टियों ने एक देश, एक चुनाव' के आइडिया का विरोध किया है। भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति नरम रुख दिखाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र की बनाई रामनाथ कोविंद कमेटी को अपनी राय भेजी है, जिसमें पार्टी ने कहा है कि वह पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने के विचार का विरोध करती है। इससे पहले सभी विरोधी पार्टियों ने ऐसी ही राय कोविंद कमेटी को दी है। चुनाव आयोग ने इसका समर्थन किया है और साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया है। उसकी सहयोगी जनता दल यू ने कोविंद कमेटी से कहा है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार से सहमत है लेकिन चाहती है कि स्थानीय निकायों के चुनाव अलग हों। मुद्दों के आधार पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने वाली बीजू जनता दल ने भी इस विचार का समर्थन किया है।कुल मिला कर इस मसले पर राजनीतिक दलों का वैसा ही विभाजन है, जैसा भारतीय राजनीति में दिख रहा है। भाजपा विरोधी पार्टियां इस विचार का विरोध कर रही हैं तो भाजपा और उसके साथ एनडीए में शामिल घटक दल इसका समर्थन कर रहे हैं। मुद्दों पर आधारित समर्थन देने वाली पार्टियां भी इस विचार से सहमत हैं। इस स्पष्ट विभाजन के बीच कहा जा रहा है कि रामनाथ कोविंद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्दी ही सरकार को सौंप दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में कमेटी एक देश, एक चुनाव' शीर्षक से एक अलग खंड संविधान में जोडऩे की सिफारिश करने वाली है।उस खंड में एक साझा मतदाता सूची के आधार पर देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के नियम और कानून होंगे। ध्यान रहे कोविंद



कमेटी में विपक्ष का कोई सदस्य नहीं है। कमेटी बनाते समय लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इसका सदस्य बनाया गया था लेकिन उन्होंने कमेटी और इस विचार का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। सो, बिना किसी विपक्षी सदस्य के और तमाम विपक्षी पार्टियों के विरोध के बीच कमेटी ने अपनी सिफारिश तैयार की है, जो अगले हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की खबर है।इस मामले में एक और दिलचस्प बात यह है कि रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश, एक चुनाव' के आइडिया पर देश के लोगों की राय मांगी थी। कमेटी को सिर्फ 21 हजार लोगों ने अपनी राय भेजी। सोचें, 140 करोड़ की आबादी और करीब एक सौ करोड़ मतदाता वाले देश में सिर्फ 21 हजार लोगों ने कमेटी को अपनी राय भेजी, जिसमें से 81 फीसदी ने इस विचार का समर्थन किया। इसके बरक्स विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर देश के लोगों की राय मांगी थी तो करीब 50 लाख लोगों ने अपने सुझाव कमेटी को भेजे थे।एक तरफ 50 लाख सुझाव और दूसरी ओर 21 हजार सुझाव! सवाल है कि क्या इस आधार पर तैयार रिपोर्ट को देश के आम मतदाताओं की सामूहिक सोच का प्रतिनिधित्व माना जा सकता है? इतने बड़े मसले पर फैसला करने या कोई भी राय बनाने के लिए क्या सरकार को और ज्यादा प्रयास करने की जरुरत नहीं है?ध्यान रहे विपक्षी पार्टियां इस देश में ज्यादा मतदाताओं की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियों को सरकार के साथ मान लें, तब भी एक देश, एक चुनाव' के विचार का विरोध करने वाली पार्टियां 50 फीसदी से ज्यादा वोट का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश के बड़े राज्यों में इन पार्टियों की सरकार है।दक्षिण के पांच राज्यों में से चार में सरकार चला रही पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। दक्षिण में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके और केरल में लेफ्ट मोर्चे की सरकार है। कांग्रेस, डीएमके और लेफ्ट तीनों ने इस विचार का विरोध किया है।

क्या दक्षिण के राज्यों के विरोध को पूरी तरह से दरकिनार करके सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का फैसला कर लेगी?इसी तरह पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है तो झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस विचार का विरोध किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी ने एक देश, एक चुनाव' के विचार पर आपत्ति जताई है। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के शासन वाले राज्यों की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने इस विचार के विरोध में अपनी राय कोविंद कमेटी को भेजी है। कांग्रेस हो या डीएमके और तृणमूल कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, राजद, जेएमएम या समाजवादी पार्टी हो सबने यह कहते हुए इस विचार का विरोध किया है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।पार्टियों ने इसे संविधान द्वारा बनाए गए संघीय ढांचे के प्रतिकूल कहा है। हालांकि सरकार का तर्क है कि आजादी के बाद तीन लोकसभा चुनावों तक ऐसा होता रहा था। लेकिन सबको पता है कि 1967 में यह चक्र टूट गया और उसके बाद से देश की राजनीतिक परिस्थितियां बहुत बदल गई हैं। अब हालात 1952 या 1957 या 1962 वाले नहीं हैं। देश में बहुदलीय प्रणाली है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पार्टियां चुनाव लड़ती हैं और समय के साथ हर राज्य की एक अनोखी सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्था विकसित हुई है।अगर इसमे एकरुपता लाने की कोशिश होती है तो उससे विविधता और बहुलता को भी नुकसान होगा और साथ ही संघवाद की धारणा भी प्रभावित होगी। पूरे देश में एक राष्ट्रीय नैरेटिव पर चुनाव कराना भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश के लिए ठीक नहीं है। अगर पहले तीन चुनाव में ऐसा हुआ है तो उसके 60 साल बाद जरूरी नहीं है कि उस व्यवस्था को लौटा लाया जाए।सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र और चुनाव बगैर विपक्ष की भूमिका के संभव नहीं हैं। अगर सरकार चाहती है कि देश में लोकतंत्र का तमाशा नहीं बने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव एक औपचारिकता बन कर न रह जाए तो उसे विपक्ष को इस प्रक्रिया में शामिल करना होगा। भारत को जीवंत और जाग्रत लोकतंत्र बनाए रखने के लिए इसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाताओं को भी शामिल करना होगा।मतदाताओं की व्यापक भागीदारी के बिना अगर सरकार अपनी मर्जी से एक देश, एक चुनाव के विचार को लागू करती है तो यह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला होगा।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## नवगीत

कहाँ लगी कोई पाबंदी,
खतरनाक हथियारों पर।
भूखा हरिया नाच रहा है,
रोटी वाले नारों पर।।
कलम कहाँ सच को लिखती है,
मौन हुई है स्याही भी।
पूस रात में हल्कू रोता,
निल है फसल उगाही भी।।
घोड़े बेच भूप सोए हैं ,
पहरा है भंडारों पर।
कहाँ लगी कोई पाबंदी,
खतरनाक हथियारों पर।।
भूखा हरिया नाच रहा है,
रोटी वाले नारों पर।।
वादे सभी कागजी निकले,
मणिपुर अस्मत लुटती है।
बनी पंजिका मिशन शक्ति की,
शक्ति गर्भ में घुटती है।।
हर युग में सीता को ही क्यों ,
चलना है अंगारों पर।
कहाँ लगी कोई पाबंदी,
खतरनाक हथियारों पर।।
भूखा हरिया नाच रहा है,
रोटी वाले नारों पर।।
है विकास कितना भारत में,
टूटी सड़के कहती हैं।
आए दिन होतीं दुर्घटना,
नदी लहू की बहती हैं।।
नहीं वतन की उनको चिंता,
ध्यान रहा व्यापारों पर।।
कहाँ लगी कोई पाबंदी,
खतरनाक हथियारों पर।
भूखा हरिया नाच रहा है ,
रोटी वाले नारों पर।।
कठपुतली बनती ईवीएम,
मिलती इक दिन गाड़ी में।
बुलडोजर से न्याय हो रहा,
तिनका उनकी दाढ़ी में।।
हुआ पलायन सच का अब तो,
झूठ छपे अखबारों पर।
कहाँ लगी कोई पाबंदी,
खतरनाक हथियारों पर।
भूखा हरिया नाच रहा है,
रोटी वाले नारों पर।।
मन की बात करें नेताजी,
आज रेडियो वाणी में।
गिरगिट कितने रंग बदलता,
बैठ आज के प्राणी में।।
ताली थाली सभी बजाली,
विश्व हँसे लाचारों पर।
कहाँ लगी कोई पाबंदी,
खतरनाक हथियारों पर।
भूखा हरिया नाच रहा है,
रोटी वाले नारों पर।।
राम नाम का चोगा पहने,
देखो कलयुग में रावण।
वोट प्राप्ति है असली मंशा,
सत्ता पाने का है रण।।
चाटुकारिता करने वाले,
झूम रहे जयकारों पर ।
कहाँ लगी पाबंदी कोई ,
खतरनाक हथियारों पर।
भूखा हरिया नाच रहा है,
रोटी वाले नारों पर।।



**प्रीति चौधरी मनोरमा**
बुलंदशहर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## केवल नारी है वो

ए जी ओ जी सुनो जी कहकर
बुलाती जो
मेरी एक आवाज पर दौड़ी चली
आती जो
रखती हर पल ख्याल हम सभी का जो
दिन रात करती  मशक्कत घर
संवारने में जो
बड़े बूढ़े बच्चों की हर बात सुना
करती है जो
अपनों को खुश रखने की कोशिश
करती  जो
नहीं सोचती कभी अपने बारे में जो
दिन रात पिसती रहती चूल्हे चुके मे जो
सेवा निस्वार्थ को परिभाषित
करती है जो
कोई और नही केवल नारी है वो



**केशी गुप्ता**
द्वारका नई
दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## नारी तुम प्रेरणा हो

नारी तुम प्रेरणा हो मेरा विश्वास हो,
तुम ही मेरे जीवन का आस हो।
तुम निधि हो,निर्धारण हो
तुम मेरे भूतकाल हो।
और तुम्ही वर्तमान हो।
तुम मेरे कदम हो
तुम ही मेरे मार्गदर्शक हो।
तुम शक्ति स्वरुपा काली हो
तुम समृद्धि देने वाली लक्ष्मी हो।
तूम विकट परिस्थितियों से-
बचाने वाली दुर्गा हो।
तुम दयामयी तुम ममतामयी
तुम ही वात्सल्यमयी हो तुम माँ हो।
तुम बहिन हो तुम बेटी हो
और तुम ही जीवनसंगिनी-अर्धांगनी हो।
तुम क्षमावान हो तुम्ही धैर्यवान हो
तुम कौशल की खान हो
तुम ही क्षमता में महान हो।
तुम हो जन्मधात्री तुम ही पालनहार हो
तुम ही प्रकृति हो
तुम सिरजनहार हो।
तूम ही नवरात्र की हेतु हो
तुम ही नवस्वरूपा नारी हो
और तुम ही नवकन्या हो।
तुमसे यह सृष्टि है
तुमसे ही यह प्रकृति है।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## बिखरे पल

कुछ हँसते हुए, कुछ रोते हुए,
बिखरे पल।
वश में होता तो,रोक लेते,कस लेते,
हँसते हुए पलों को,
मुट्ठी में कैद कर लेते हैं,
औररोते हुए पलों को,
सरिता के नीर सा
जीवन से बहा देते।
सोचती हूँ,कभी -कभी यूँ ही मैं,
काश कि हँसते हुए पल ठहर जाते ,
वैसे जैसे साँझ में,
थोड़ा दिन ठहर जाता हैं ।
पर फिसल जाते हैं,
रेत की मानिंद,
और हम वक्त के वायदों पर
मुस्कराते नजर आते हैं ।



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा,
राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## उम्र महज एक नंबर है

जिनके अंदर अपने सपनों को पूरा करने का जज़्बा होता है और जब भी उन्हें जिंदगी यह सुनहरा मौका देती है तो वह अपने जीवन में उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास अवश्य करते हैं । ऐसे ही हमारे गांव में एक उदाहरण है रीमा जी, उनकी उम्र 70 साल है लेकिन उनके चेहरे पर एक अलग ही तेज विद्यमान हैं , यह तेज है उनके आत्मविश्वास का उन्होने जो सपने देखे थे उन सपनों के पूरा होने का । रीमा जी को बागबानी का बचपन से ही बहुत शौक था । अपनी घरेलू जिम्मेदारियां को निभाने के पश्चात इस उम्र में उन्होंने घर की छत पर ही कुछ सुंदर फूल, हरे भरे पौधे और सब्जियां लगाने का मन बनाया ।     किसी भी काम को शुरू करने के लिए पहले उसके बारे में थोड़ा अध्ययन करना अति आवश्यक होता है जिससे कि आप सुचारू रूप से अपने काम को सही अंजाम दे सके,इसलिए उन्होंने सबसे पहले यूट्यूब पर बागवानी के वीडियो देखकर ऑर्गेनिक तरीके से घर पर ही फल और सब्जियां उगाने के बहुत सारे तरीके और कई सारी छोटी-छोटी चीजें सीखी । लगभग दो-तीन महीने के अध्ययन के पश्चात रीमा जी ने अपने छत पर ही एक सुंदर बगीचा बनाने का निर्णय लिया । इस बगीचे में उन्होंने सुंदर-सुंदर फूल, हरी भरी मौसम के अनुरूप सब्जियां और छोटे-छोटे अनेक तरह के पौधे लगाए और ऑर्गेनिक खेती शुरू कर दी । 2 साल की कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बाद रीमा जी ने अपनी छत पर एक अति सुंदर बगीचा तैयार कर दिया है,अब वह अपने बगीचे में उगी हुई फल और सब्जियां का प्रयोग स्वयं करने लग गई और जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ता गया उन्होंने अपने द्वारा उगाई गई ऑर्गेनिक सब्जियों और फलों को गांव की मंडी में भेज कर विक्रय भी करना शुरू कर दिया।

अपने सपने के पूरा होने पर उन्हें जो आनंद प्राप्त हुआ वह इसको दूसरों में भी बांटना चाहती थी । इसके लिए उन्होंने अपनी गांव की औरतों को भी ऑर्गेनिक खेती सिखाई और उनकी भी बहुत मदद की । इसके साथ ही उन्होंने अपना यूट्यूब पर चैनल भी शुरू कर दिया और वहां अब वह खुद अपने अनुभव के साथ कैसे ऑर्गेनिक खेती की जाए उसकी बारीकियां सीखाने लग गई । जिससे ऑर्गेनिक खेती की पहल भी हो व लोग इस तरफ अपना ध्यान भी आकर्षित करें, अपने समय का इस्तेमाल करें । आज उनको देखकर ऐसा ही लगता है उन्होंने अपनी कल्पना शक्ति व मेहनत से साबित कर दिया की उम्र महज़ एक नंबर है । ख्वाब हौसला और हिम्मत देखते हैं,राहें अपने आप आसान हो जाती हैं और अपने सपने को पूरा करने के लिए साथी भी मिल जाते हैं । वे आज अपने सपने को पूरा भी कर रही है,जीवन का आनंद भी ले रही है और साथ में सबके लिए प्रेरणा बनकर समाज में जागरूकता भी फैला रही है।



**-मोनिका डागा आनंद ,**
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## वीना हमें बचा लो वीना,मरने से-कौन,अरे! कौन है

डर के मारे नींद से अचानक उठ के बैठी तो डर से थरथर कॉप रही थी मैं । एक ख्वाब ने मुझे डरा दिया था , उस ख्वाब के अंतर्गत एसा लगा कोई मुझसे मदद् मांग रहा और कह रहा है मुझसे वीना हमे बचा लो वीना,मरने से-कौन अरे ! कौन है मैं चिल्लाई फिर देखा की मैं तो सपना देख रही थी खुद को शांत करने के लिए पहले उठी पानी के दो-तीन घूंट पीकर अपने बाजू मे ही रखा मोबाईल उठाया और समय देखा रात के लगभग सवा दो बज रहे थे । अनायास ही मुंह से निकला अरे अभी तो रात के सवा दो ही बजे हैं और खुद से ही बुदबुदाते हुए बोली अरे सपना ही तो था । डर मत,चल सो जा वीना फिर से । फिर मेरे ही बाजू में सो रहे मेरे बेटे को कंबल ओढ़ाया और उसके सर पर हाथ फेर उसे चूम के,फिर सो गयी । जैसे-तैसे आंख लगी थी अब सोए हुए कुछ वक्त बीता ही था की अचानक फिर वही सपना मुझे आया मैं फिर डर के उठी और इस बार भी वही सपना । कोई मुझसे मदद् की गुहार लगा रहे फिर क्या , मुझे वह ख्वाब अब एक ख्वाब , भ्रम नहीं लग रहा था अपितु ये लगा की सही मे कोई कहीं पर बहुत ही तकलीफ़ में है या कोई मुसीबत मे है जो मुझसे उम्मीद लगा रहा था । मन में सोची , मैं भला गृहणी किसी की कैसे मदद कर सकती हूँ और मुझे तो ये भी नहीं पता की कौन मुझसे कैसी मदद् चाह रहा है । सुबह के साढ़े चार बज चुके थे बहुत दिमाग पर जोर दिया , ध्यान लगाया अपने चारों ओर वहीं पलंग पर बैठे-बैठे नज़र घुमा रही थी ढूंढ रही थी उस याचक को जो मेरे पास याचिका लेकर आया था कुछ उम्मीद लिये । बहुत ही ज्यादा सोचने पर पता चल गया कि आखिर ये कौन है जो मुझसे सपने में आकर मदद् मांग रहे हैं ।
जानते हैं पाठक वो कौन है ?
भला आप सभी कैसे जान सकते मेरे सपने में कौने आये थे चलो मैं ही बता देती हूँ । मेरे सपने में मुझसे जो मदद् मांगने आये थे वो सभी पेड़ जो वर्षों पुराने पेड़ हैं या अब तो ये कहूंगी शायद थे या ये भी नहीं जानती कब तक रहेंगे ये जिंदा । जो मर गये उनके लिये तो मैं कुछ नहीं कर सकती परंतु अफसोस रहेगा कि क्यों इनके द्वारा मदद् मांगे से पहले मुझे इनके बारे में मन मैं ख्याल नहीं आया चलो जो हो गया सो हो गया उसके लिए तो अब मैं भी कुछ नहीं कर सकती पर जो अब तक बचे है उनके लिये ही लिख कर कुछ मदद् कर दूं बेचारे बेजुबान, असहाय ने मुझसे उम्मीद लगाई मुझे इस काबिल समझा की शायद वीना ही है जो हमारी मदद् कर सके । इसलिए पूरी कोशिश कर रही अपनी ओर से उन सभी बचे हुए पेड़ों के लिए। शायद पूरी तरह न सही किसी एक-दो पाठकों पर भी शब्दों का प्रहार लग उनकी रूह को छू जाए तो मेरा लिख कर इन पेड़ों के लिये की गई एक छोटी सी मदद् सार्थक हो जाए ।
मेरे ही घर के कीचन की दीवार से लगकर कभी दो पेड़ हुआ करते थे एक कड़वी नीम का तो दूसरा अशोक का जब कभी कीचन में काम करती तो खिड़की खोल लेती थी कीचन की रोटियां सेकते-सेकते , या सब्जी बनाते-बनाते बस उन पेड़ों को देखती उन पेड़ों से टकरा हवा ओर भी शीतल होकर खिड़की से अंदर आकर मेरे गालों , बालों को सहलाती थी कितना आनन्द आता था । उन पेड़ों पर आने वाले सुंदर पंछियों को खाना बनाते-बनाते निहारना अगर वो फूदक-फूदक कर कहीं दूसरी डाल पर जा बैठते तो उनको व्याकुल होकर ढूंढने का काम खाना बनाते हुए खिड़की से बाहर मेरा चलता ही रहता था । अपने घर के ऊपर के कमरे की खिड़की से हाथ बाहर निकालकर रोज उनको छू कर प्रणाम करना अच्छा लगता था मुझे । यह थी मेरी और उन पेड़ों की मोहब्बत। परंतु वर्ष 2021 में मैं क्रिसमस की छुट्टियों में बच्चों को लेकर मायके गई थी । जब मैं मायके से आई और मैं देख के हैरान रह गयी आंसू भी आए आंखों में बेटा पूछा मेरा क्या हुआ मॉ मैंने कहा बेटा उन दो पेड़ों को किसी ने काट दिया। जो कीचन की खिड़की के बाहरी ओर थे । बेटा बोला मॉ कोई बात नहीं । वो मेरे ज़ख्म गहरे घाव को समझ न सका पर मैं आज भी उन पेड़ों को याद करती हूँ । पेड़ किसने काटे , क्यों काटे मैं इस के लिए सवाल भी नहीं कर सकती थी किसी से , क्यों कि वो किसी ओर के ज़मीनी हिस्से में आते थे । अगर आवाज़ उठाती भी तो मुझे पता है कि मुझे ही बेइज्जत कर चुप करा दिया जाता और बोला जाता कि हमनें अपने पेड़ों को काटा है आप कौन होती हैं बोलने वाली बस यही सोच चुप बैठ गई । परंतु आज दो वर्षों बाद ना जाने कहॉ कौन सा पेड़ मुसीबत में है जिसे लोग अपने स्वार्थ के लिए कटवाना चाहते हैं । जब की ये बेजुबान  हमें तो तमाम निस्वार्थ सुख देते हैं  । साथ ही अनेकों पंछियों को सहारा भी देते । क्यों लोग अपने स्वार्थ के लिए तो ना जाने कितने पेड़ों की जीते-जी हत्या कर देते हैं ?
परंतु जब वही सब छोटे-बड़े पेड़ आज मुझे दो बार सपने में आकर मदद् मांगे तो उनकी दर्द ,करूणा , अश्रु से भरी आवाज़ ने मुझे झकझोर दिया । पीड़ा ने इतना भीतर तक रूह को मेरे छू लिया की मैं दर्द से भर उठी और मैं जब कभी किसी दर्द को रूह से महसूस कर लेती तो उसे अपने पन्नों पर ही उतार लेती रूहानी चोट भरे अश्कों के साथ और जब तक अपने दिल की बात पहुंचा नहीं दूं लिख कर सभी तक तब तक मुझे सुकून नहीं मिलता । इसलिए खुद के दिल , रूह पर लगी चोट से उठे दर्द को लिख खुद को राहत देती हूँ ।
अठ्ठाइस साल पहले मेरे पापा के द्वारा लगायें गये नन्हे से पौधे थे । जिसे मैंने भी अपने हाथों से अगर माली काका नहीं आते उस दिन पानी दिया था । वही पेड़ जिस पर मेरी मॉ ने रस्सी व तारों की मदद् से एक बड़ा सा स्टील का कटोरा बांध दिया था और रोज़ उसमें खाना डाल देती थी । आज भी वो कटोरा ज्यों का त्यों बंधा है उसी पेड़ से मेरी मॉ आज भी उसमें खाना डालती है और मैं वहीं डाइनिंग रूम में रखी कुर्सी पर बैठकर देखती थी उस बड़े पेड़ के आस-पास के क्षेत्र में लगे पेड़ों को भी जब कभी कोई पंछी सुंदर सा रंग-बिरंगी आकर बैठता तो मैं खुश होकर बोलती मम्मी! ओ मम्मी जल्दी आओ देखो कितना सुंदर पंछी है । मैं इसे पहली बार देख रही हूँ । आज उस वातावरण में सौंदर्य बढ़ाने वाले पेड़ों में कोई फलदार पेड़ नहीं थे । परंतु सौंदर्यीकरण करण की दृष्टि से चार-चांद लगा रहे । अच्छा लगता है आज भी जब कभी मायके जाती तो उन पंछियों को देखना कृतार्थ, नतमस्तक हूँ मैं उन पेड़ों की जो आज भी उसी तरह पंछियों का रेन बसेरा बन धूप , बारिश से उनकी रक्षा कर रहा ।
परंतु आज न जाने कौन से शहर में कहां किन पेड़ों ने मुझसे सिर्फ लिख कर सभी को जागृत करने के लिए स्वप्न दर्शन देकर मदद् मांगी । उस स्वप्न में पेड़ो की पीड़ा भीतर तक रूह को मेरे छू गई और मैं दर्द से भर उठी और मैं जब कभी किसी दर्द को रूह से महसूस कर लेती तो उसे अपने पन्नों पर ही उतार लेती रूहानी चोट भरे अश्कों के साथ और सब तक अपने दिल की बात पहुंचा नहीं दूं तब तक मुझे सुकून नहीं मिलता । इसलिए खुद के दिल , रूह पर लगी चोट से उठे दर्द को लिख खुद को राहत देती हूँ ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,
महाराष्ट्र

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु नवाचार

आधुनिकता के इस युग में आजकल के बच्चे टेक्नोलॉजी से जुड़ गए हैं पहले की शिक्षा पद्धति और आज की शिक्षा पद्धति में काफी अंतर आ गया है। इसलिए हमें अपनी शिक्षण पद्धति में बदलाव करना आवश्यक हो गया है। हमें कहीं न कहीं बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु नवाचार को अपनाना पड़ेगा। मैने इस नवाचार को अपने विद्यालय में अपनाया है और निश्चित रूप से इसका छात्रों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, विद्यालय के परीक्षा परिणाम मे लगातार वृद्धि हो रही है। कुछ नवाचार निम्न है-

### पालक संपर्क अभियान

इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक दिन दो दो शिक्षक बच्चो के पालकों के घर जाते हैं और पालक से मिलकर उनके बच्चों की पढ़ाई के संबंध में जानकारी लेते हैं और छात्रों की विषयगत समस्याओं को उनके घर में ही दूर करते हैं, शिक्षक का विद्यार्थी के घर जाने से विद्यार्थी का पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा तो होती है साथ ही साथ विद्यार्थी अपनी विषय गत समस्या को बिना किसी डर व झिझक के शिक्षक के पास रखते है।

### रिमेडियल क्लास

इसके अंतर्गत सभी विषय का कोर्स पूर्ण होने के बाद बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय समय के पहले या बाद में एक घंटा अतिरिक्त क्लास सभी शिक्षकों के द्वारा लिया



जाता है इस क्लास में अलग-अलग स्तर के बच्चों को अलग-अलग प्रश्नों का अभ्यास कराया जाता है।

### बी ग्रूप ब्रिलिएंट बनो

इसके अंतर्गत अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद परिणाम के आधार पर क्लास को दो भागों में विभाजित किया जाता है, डी ग्रेड और ई ग्रेड वाले बच्चों को अलग कक्षा में बैठाकर उनके स्तर के प्रश्नों को हल करवाया जाता है। इस प्रकार के बच्चों को ग्रूप बी में रखा जाता है और होशियार बच्चों को ग्रूप ए में रखा जाता है।  ग्रूप ए वाले बच्चों को बड़ा और कठिन प्रश्नों का अभ्यास कराया जाता है। इस प्रकार के नवाचार से बी  ग्रूप के बच्चे के स्तर मे सुधार होता है और बी ग्रूप वाले ब्रिलिएंट बनने लगते है।

### उठो प्यारे बच्चों

इसके अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को सुबह चार बजे उठाने का कार्य करते हैं। इसके लिए प्राचार्य स्वयं चार बजे उठते हैं और प्रत्येक छात्रों को फोन लगाते हैं। फोन लगाते ही सभी विद्यार्थी उठ जाते हैं और पढ़ाई में लग जाते हैं जिससे घर में पढ़ाई का एक अच्छा माहौल बनता है। इसे हर वर्ष किया जाता है और परीक्षा समाप्त होते तक जारी रहता है। साथ ही सुबह का वातावरण शांत रहता है और पढ़ने से जल्दी याद होता है। इसलिए वे सभी विद्यार्थियों को सुबह उठाते हैं। इससे सभी विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा है, जिससे सभी विद्यार्थी का मन पढ़ाई में लगा हुआ हैं। इस नवाचार से परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई है।

### घर पहुंच पढ़ाई

इस अभियान से बच्चों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है इसके अंतर्गत जैसे ही बच्चों की विदाई होती है जो होशियार बच्चे है घर में पढ़ाई करते हैं लेकिन जो कमजोर बच्चे हैं वह पढ़ाई में रुचि नहीं लेते हैं, इसके लिए शिक्षक आसपास के 810 बच्चों को बुलाकर किसी एक विद्यार्थी के घर जाकर दो-तीन घंटा विषय शिक्षक अपने विषय को पढ़ाते हैं। घर में विद्यार्थी शिक्षकों से बिना किसी डर और भय के जहां समझ नहीं आता वहां बेझिझक पूछते हैं। इस प्रकार के अभियान से पालकों का भी विशेष सहयोग मिलता है।



**श्याम सुंदर साहू**
बोडरा मगरलोड
जिला
धमतरी(छ.ग)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# गुंडा व निगरानी बदमाशों के विरुद्ध की जाएगी जिला बदर व एनएसए की कार्रवाई

» एसपी ने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व थाना-चौकी प्रभारियों की ली बैठक



- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

एसपी विजय अग्रवाल ने शनिवार को पुलिस राजपत्रित अधिकारियों व जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक एसपी कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान एसपी ने लंबित अपराध, लंबित शिकायत, गुम इंसान, मर्ग जांच, शिकायत जांच, के साथ-साथ लंबित मामलों के निराकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। मर्ग के मामले में सम्बंधित थाना को तत्काल उक्त मर्ग डायरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिले के गुंडा बदमाश एवं निगरानी बदमाश के नई फाइल दर्ज करने के निर्देश जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को दिए गए हैं। आपराधिक कृत्य में लगातार शामिल रहने वाले ऐसे व्यक्तियों पर पैनी नजर रखकर निगरानी, गुंडा फाइल खोलने के निर्देश दिए गए। वहीं जो गुंडा-निगरानी बदमाश समय के साथ आपराधिक कृत्य से दूर हो चुके हैं ऐसे व्यक्तियों को माफी बदमाश की सूची में दर्ज करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। गुंडा बदमाश एवं निगरानी बदमाशों की सूची दर्ज कर जिलाबदर एवं एनएसए की कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। होली त्यौहार से पूर्व पुलिस टीम को आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने वाले व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्माक कार्रवाई कर बाउंडओवर की कार्रवाई करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं थाना में जब्त एवं लावारिस पड़े वाहनों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। रात्रि गश्त के दौरान तैनात पुलिस अधिकारियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। रात्रि में बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों, आने-जाने वाले मुसाफिरों की प्रतिदिन की सूची दर्ज करने व संदेही व्यक्तियों के फिंगरप्रिंट दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 110 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर बंजारी में एक व्यक्ति अपने घर में एक साथ पांच भट्ठियों में महुआ शराब तैयार कर रहा था व 110 लीटर शराब बनाकर सप्लाई करने के लिए रखा था। आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम ने शनिवार को कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उडऩदस्ता टीम ने आरोपी के कब्जे से 600 किलो ग्राम महुआ लहान भी जब्त किया है।

आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम को मुखबिर से जानकारी मिली की मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर बंजारी निवासी शिवलाल एक्का अपने घर में महुआ शराब तैयार कर बिक्री करने का काम करता है। मुखबिर की सूचना पर उडऩदस्ता टीम शनिवार को शिवलाल के घर कार्रवाई करने पहुंची तो वह अपने घर में पांच भट्ठियों में महुआ शराब बना रहा था और 110 लीटर शराब तैयार कर रखा था। टीम ने महुआ शराब व 600 किलो ग्राम महुआ लहान जब्त किया है। उडऩदस्ता टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34 (1) क, 34 (2) एवं 59 (क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, आरक्षक रमेश दुबे, कुमारूराम, रामाधार कुशवाहा, अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं ममता उपस्थित रहे।

# होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज की छात्राओं ने युवा महोत्सव व खेल प्रतियोगिताओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला सरगुजा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित युवा महोत्सव व जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज की छात्राओं ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महाविद्यालय कोअनमोल उपहार दिया। 7 मार्च को आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता निभाते हुए भाषण प्रतियोगिता में प्रथम एवं तृतीय लोक गीत में द्वितीय ओडिसी नृत्य में प्रथम कथक तथा लोकनृत्य करमा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 8 मार्च को आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में वाली बाल,कबड्डी व रस्साकशी में प्रथम एथलेटिक्स में प्रथम तथा तृतीय एवं बैडमिंटन में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य महोदया डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ ने सभी विधाओं की प्रतिभागी व विजेता तथा खिलाड़ी छात्राओं व स्पोर्ट्स ऑफिसर राधा खलखो को बधाई देते हुए छात्राओं से लगातार अभ्यास करने को कहा, युवा महोत्सव में निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप मेंमहाविद्यालय से डा कल्पना गुहा सोशल साइंस कल्चरल डीन , डॉ तृप्ति पांडेय सोशल साइंस डीन, डॉक्टर नीना गुप्ता सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र , दिव्या सिंह सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान सिस्टर दिव्या गुलाब तिर्की सहायक प्राध्यापक गणित डॉ सीमा मिश्रा विभागाध्यक्ष भूगोल, सोनल सिन्हा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के अलावा अन्य सहायक प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।




# ज्वेलरी दुकान में चोरी,10 लाख जेवरात पार,जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

प्रतापपुर में शुक्रवार की रात ज्वेलरी दुकान में चोरों ने धावा बोला। उन्होंने पहले तो दुकान के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा, फिर करीब 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरों की किस्मत खराब निकली कि जाते-जाते उनकी तस्वीर ज्वेलरी दुकान के सामने स्थित दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब आरोपियों की खोजबीन में जुट गई है।

प्रतापपुर निवासी नंदलाल सोनी की घर के सामने वाले हिस्से में प्रकाश ज्वेलर्स व बर्तन की दुकान है। शुक्रवार की रात संचालक दुकान बंद कर घर में सोने चला गया था। सुबह नगर में घूमने निकले लोगों ने जब दुकान के शटर का कुछ हिस्सा ऊपर उठा देखा तो संचालक को सूचना दी। खबर मिलते ही दुकान संचालक तत्काल घर से बाहर निकला। जब वह शटर उठाकर दुकान के भीतर गया तो वहां का नजारा हैरान करने वाला था। कांच के काउंटर टूटे हुए थे, सीसीटीवी कैमरा भी फूटा था। जब उसने काउंटर व आलमारी में रखे जेवरों की जांच की तो करीब 10 लाख रुपए के जेवर गायब थे। इसकी सूचना दुकान संचालक ने प्रतापपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। पुलिस ने जब प्रकाश ज्वेलर्स के सामने स्थित दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला तो देर रात झोला लिए हुए 4 युवक दुकान से बाहर निकलते दिखाई दिए। हालांकि उनका चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। इधर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है। लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि बीच शहर के दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।





# भाजपा सरकार ने देश में चहुंमुखी विकास कर देश का माथा गर्व से किया है ऊँचा : शशिकांत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।




भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र अपनी तैयारियों को तेज़ी से अमलीज़ामा पहनाने में जुट गई है । इसी कड़ी में भाजपा के सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों की बैठक बीते गुरुवार को संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में आहूत की गई थी।

भारतीय जानता पार्टी अपने घोषणा पत्र में शामिल सभी बिंदुओं को एक एक करके पूर्ण कर रही है, यही सुशासन और मोदी की गारंटी है, उपरोक्त वक्तव्य के साथ भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बैठक में कहा कि पहले कांग्रेस सरकार ने केवल भ्रष्टाचार किया जबकि प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को दस वर्ष हो गये , और इन वर्षों में भाजपा सरकार ने देश में चहुँमुखी विकास और जनकल्याण के कार्य करके अनेक उपलब्धियों से देश का माथा गर्व से ऊँचा किया है।

इस अवसर पर सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सोमेश पांडेय ने कहा कि पिछली लोक सभा चुनाव में जानता ने पीएम मोदी पर विश्वास जताते हुए तीन सौ तीन सीटों पर भाजपा को विजयी दिलाई , इस बार के चुनाव में पूर्णरूपेण से जानता का आशीर्वाद हमारे साथ है इसलिए हम सब को चार सौ पार का लक्ष्य ले कर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए कार्य करना है । इस अवसर पर भाजपा ज़िला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने चुनावी रणनीति पर मार्गदर्शन दे कर समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कमर कस कर चुनाव मैदान में उतरने के लिए आह्वान किया, तथा उन्हें सघन जन संपर्क और जन संवाद करने को कहा।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी ग्यारह सीट हम जीतेंगे और उसमें सरगुजा से जीत का रिकॉर्ड बना कर फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने में हम अपना सर्वोच्च योगदान देंगे।

आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक शर्मा ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में कोई रहना नहीं चाहता, यह पार्टी अब लुप्त होने के कगार पर है, डूबती कांग्रेस की नैया पर अब जानता को भरोसा नहीं रहा, इसलिए हमें अब सीना ठोक कर जानता की सेवा के लिए जानता के बीच उतरना है, और भाजपा प्रत्याशियों को जीतना है। कार्यक्रम पश्चात आभार प्रदर्शन प्रशांत त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में रविंद्र तिवारी उमेश अग्रवाल मुकेश अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल कैलाश मिश्रा अरूणा सिंह प्रमोद दुबे, आशीष गर्ग, अजय सिंह बबलू, दुर्गा शंकर दास, प्रदीप शर्मा, राज बहादुर शास्त्री, शैलू सिंह, अभिषेक सिंह, विनोद दुबे, अरुण केशरी, तजिंदर सिंह सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार अलग-अलग सडक़ हादसे में 5 युवकों की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

तीन अलग-अलग सडक़ हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गौतम पैकरा पिता कुंतेलाल उम्र 18 वर्ष व राकेश पैकरा दोनों ग्राम सत्यनगर थाना भैयाथान का रहने वाले थे और दोनों दोस्त थे। शुक्रवार को महाशिवरात्रि का मेला देखने दोनों बाइक से सरासोर गए थे। वापस आते समय ग्राम पकनी के पास कार क्रमांक सीजी 16 बी 2414 ने टक्कर मार दी थी। बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और गौतम को इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं राकेश को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। दूसरी घटना जमई मोड़ थाना बसंतपुर की है। बसंतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करमडीहा निवासी 18 वर्षीय राजेश सिंह पिता समल सिंह अपने दोस्त पप्पी के साथ बाइक से महाशिवरात्रि का मेला देखने बसंत पुर गए थे। वापस आते समय रास्ते में जमई मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सडक़ पर गिर गए। दुर्घटना में राजेश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना अंबिकापुर-लालमाटी के पास कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुमेन बाबू पिता विजय दास उम्र 18 वर्ष लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लमगांव का रहने वाला था। वह अपने साथी सोनाईचंद के साथ शनिवार को स्कूटी से अंबिकापुर आ रहा था। लालमाटी घाट के पास कार क्रमांक सीजी 15 डीटी 4177 ने टक्कर कार दी। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान सुमेन की मौत हो गई। जबकि सोनाईचंद का इलाज चल रहा है।




चौथी घटना शहर के गंगापुर स्थित एटीएम के पास बाइक अनियंत्रित होने से दो युवक सडक़ पर गिर गए। दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ सोनवानी पिता रामप्रकाश उम्र 21 वर्ष मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ठोर का रहने वाला था। शनिवार की सुबह सिद्धार्थ व विकास दोनों बाइक से गंगापुर मेडिकल कॉलज की ओर जा रहे थे। गति तेज होने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सडक़ पर गिर गए। दुर्घटना में सिद्धार्थ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आधार लिंक करने के नाम पर महिला से 15000 की ठगी

- संवाददाता -
लखनपुर, 09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांदो स्थित चॉइस सेंटर में आधार लिंक कराने को लेकर महिला के साथ दो लोगों के द्वारा 15000 रूपए ठगी करने का मामला सामने आया है वही पीड़ित महिला ने लखनपुर थाने पहुंचे रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया है।मिली जानकारी के मुताबिक सोमारी पति राजकुमार उम्र लगभग 40 वर्ष ग्राम कुसु बरपारा निवासी जो तुनगुरि निवासी पप्पू यादव और महिला गुड्डी के साथ ग्राम चांदो चॉइस सेंटर में आधार लिंक कराने पहुंची थी। चॉइस सेंटर में पीड़ित महिला सोमारी का अंगूठा लगवा कर उसे लखनपुर भेज दिया गया इसके बाद पप्पू यादव ने गुड्डी नाम की महिला को सोमारी पति राजकुमार बनाकर रू.15000 चॉइस सेंटर से ले लिया। तत्पश्चात महिला प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए लखनपुर ग्रामीण बैंक पैसे निकालने पहुंची जहां ?25000 का विड्रोल भरा गया खाते में 10000 होने की बात बैंक कर्मचारियों के द्वारा कहीं गई इसके बाद महिला को रू.15000 ठगी का एहसास हुआ। पप्पू यादव और महिला से पीड़ित महिला सोमारी और उसके रिश्तेदार पैसा मांगने पहुंचे तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें भगा दिया गया। पीड़ित महिला सोमारी ने लखनपुर थाने पहुंचे रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन दिया है। पीड़ित महिला और उसके रिश्तेदारों को फोन लगाकर मारपीट की धमकी दी जा रही है। इस मामले में और लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



# उड़ीसा के गांजा तस्कर सहित 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**नशे के सप्लाई चैन को तोड़ने की दिशा में सूरजपुर पुलिस का बड़ा प्रहार,उड़ीसा के गांजा तस्कर सहित 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार,1 लाख 40 हजार रूपये कीमत का गांजा व परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जप्त,चौकी बसदेई पुलिस की कार्यवाही**

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अवैध कारोबार के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए नशे के कारोबार से जुडे लोगों एवं नशे के सप्लाई चैन को तोड़ते हुए ऐसे कार्यो में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में दिनांक 09.03.2024 को चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति गांजा लेकर मलगा से खोपा होते हुए लोधिमा बसदेई की ओर जाने वाले है।

चौकी बसदेई पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम लोधिमा में घेराबंदी कर स्कूटी सहित महताब आलम पिता नइमुद्दीन उम्र 28 वर्ष व भागेरती पिता स्व. राम औतार सिंह उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मलगा थाना भटगांव को पकड़ा जिनके कब्जे से 6 किलो 900 ग्राम गांजा कीमत 1 लाख 40 हजार रूपये का पाया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि गांजा को उड़ीसा के खुशीराज पटेल के द्वारा लाकर देने पर दोनों गांजा बिक्री करने खुशीराज के स्कूटी से निकले थे। मामले में पुलिस टीम ने नई तकनीक की मदद व पूछताछ से प्राप्त जानकारी के आधार पर खुशीराज पटेल पिता संकीर्तन पटेल उम्र 24 वर्ष ग्राम रंगिया टिकरा, थाना महुलपाली, जिला सम्बलपुर उड़ीसा को पकड़ा। मामले में 6 किलो 900 ग्राम गांजा 1 लाख 40 हजार रूपये व परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी कीमत 1 लाख रूपये कुल कीमत 2 लाख 40 हजार रूपये का जप्त कर धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई विजय सिंह, एएसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक अमित सिंह, निलेश जायसवाल, प्रदीप सोनवानी, सुरेश साहू, ओमप्रकाश, देवदत्त दुबे व रौशन सिंह सक्रिय रहे।

# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने शुरू किए चलो इंडिया और लिविंग ब्रिज अभियान,उच्चायुक्त ने कही यह बात



**लंदन, 09 मार्च 2024।** लंदन में भारतीय उच्चायोग ने दो प्रमुख अभियानों चलो इंडिया और लिविंग ब्रिज को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हफ्ते की शुरुआत में चलो इंडिया अभियान की घोषणा की थी। ताकि भारतीय समुदाय के लोगों कों अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने इंडिया हाउस में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वास्तव में आपके लिए एक राजदूत बनने और उसका जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा, आइए इस मौके पर अतुल्य भारत को याद करेंगे। भारतीयों की उस भूमिका को भी याद करें, जिसने भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय उच्चायोग ने लिविंग ब्रिज के विषय महिलाओं पर केंद्रित रखा। इस दौरान दुरईस्वामी ने कहा, ये (महिलाएं) ब्रिटेन-भारत संबंधों की नायिकाएं हैं, जिन्होंने साहसिक खेल, शतरंज, फिल्म, व्यवसाय आदि क्षेत्र में योगदान दिया है।

लिविंग ब्रिज अभियान के पहले चरण में पर्वतारोही प्रीत कौर चंडी, शतरंज चैंपियन बोधना शिवानंदन, प्रसिद्ध शेफ आसमा खान, अभिनेत्री आयशा धारकर और आर्थिक विशेषज्ञ बैरोनेस श्रीति वेडेरा आदि शामिल हुए। पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाली आठ वर्षीय शिवानंदन ने कहा, मैं दुनिया की सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनना चाहती हूं और विश्व चैंपियन भी बनना चाहती हूं।

पर्वतारोही चंडी ने कहा, मैं सिख हूं। मेरे पिता उत्तर प्रदेश में पैदा हुए थे। वह अपनी किशोरावस्था में इंग्लैंड आए थे। मेरी मां इंग्लैंड से हैं। लेकिन उनके माता-पिता पंजाब से हैं। मैं डर्बी में पली-बढ़ी हूं। प्रीत कौर गिनी वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के लिए पोलर प्रीत के रूप में लोकप्रिय हैं।

लिविंग ब्रिटेन में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों पर केंद्रित अभियान है। इस अभियान के तहत ब्रिटिश भारतीयों के इंटरव्यू लिए जाएंगे, जिन्हें भारतीय उच्चायोग के सोशल मीडिया चैनल पर साझा किया जाएंगे।

# खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या का वीडियो आया सामने, इसी मामले में बिगड़े भारत-कनाडा के संबंध



**ओंटारियो, 09 मार्च 2024।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल जून में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब निज्जर की हत्या का कथित वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हमलावर, निज्जर को गोली मारकर भागते नजर आ रहे हैं। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के संबंधों में खटास आ गई थी और दोनों देशों के बीच यह मामला विवाद की वजह बन गया था।

**क्या है वीडियो में...**

कनाडा के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष हरदीप सिंह निज्जर की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जो वीडियो सामने आया है, उसमें दिख रहा है कि घटना वाले दिन हरदीप सिंह निज्जर अपने पिकअप ट्रक से गुरुद्वारे की पार्किंग से निकला और जैसे ही बाहर निकला तो अचानक से उसकी कार के आगे सफेद रंग की सेडान कार आकर रुकी, जिसमें से दो लोग बाहर आए और हरदीप सिंह निज्जर पर फायरिंग कर दी। वीडियो, कनाडा के एक मीडिया हाउस ने जारी की है, जो कि वायरल हो रही है।

निज्जर को गोली मारने के बाद हमलावर सिल्वर रंग की टोयोटा कैमरी कार से फरार हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस जगह निज्जर को गोली मारी गई, वहां कुछ दूरी पर दो युवक फुटबॉल खेल रहे थे, जैसे ही उन्होंने गोली की आवाज सुनी तो वे मौके पर पहुंचे। एक चश्मदीद युवक ने बताया कि वह निज्जर की मदद के लिए उसके पास पहुंचा और दूसरे युवक ने हमलावरों का पीछा करने की कोशिश की। चश्मदीद ने बताया कि जिस गाड़ी से हमलावर फरार हुए थे, उस कार में पहले से ही तीन लोग सवार थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



सरगुजा पुलिस द्वारा अपराधों के निराकरण मे त्वरित कार्रवाई के साथ साथ किसी आपात स्थिति मे पुलिस बल द्वारा आमनागरिकों कों आवश्यक सुविधा दिलाने हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में सरगुजा पुलिस को 21 फरवारी को रात्रि करीब 11 बजे रायगढ़ रोड स्थित ग्राम बेलकोटा में दो ट्रको के आपस मे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने एवं वाहन चालकों के वाहन में फसे होने की सूचना प्राप्त हुई, सूचना पर सरगुजा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वाहन चालकों कों सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी, मामले मे एसडीआरएफ टीम से नगर सैनिक सुनिल केरकेट्टा, प्रकाश चंद टोप्पो, दिलीप सिंह, शांति एल लकड़ा, जगदीश प्रसाद, सुखदेव राम, चालक नारेन्द्र सिंह ने रेस्क्यू मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उक्त मामले मे त्वरित कार्यवाही करने के फलस्वरूप एसडीआरएफ टीम कों नगद 700 रुपये एवं प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। थाना दरिमा के अपराध धारा 376, 354, 350 एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6, 8 में मामले के आरोपी को पुलिस टीम के सतत प्रयास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, मामले में पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, आरक्षक राजकुमार जायसवाल, भूपेंद्र सिंह, सोहन राजवाड़े, अखिलेश यादव कि त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप अधिकारियों कर्मचारियों को नगद 600 रूपये एवं प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यालयीन कार्यो मे उत्कृष्टता का परिचय देने वाले सहायक उप निरीक्षक (एम) विवेक शुक्ला, प्रधान आरक्षक धीरज गुप्ता, उमाशंकर पाण्डेय, आरक्षक भरत लाल वर्मन, अजय प्रताप सिंह, अजय यादव कों उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप नगद 1200 रुपये एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को भविष्य में भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं।

# साधू राम सेवा कुंज सूरजपुर में निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल एवं सुगम्य केन का हुआ वितरण




- संवाददाता -
सूरजपुर,09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

साधू राम सेवा कुंज सूरजपुर में साउथ ईस्टर्न कोल्डफील्डस लिमिटेड भारत सरकार का मिनिरत्न उपक्रम की सामाजिक निगमित दायित्व (सी.एस.आर.) योजनान्तर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से एलिम्को के पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा सूरजपुर जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क 72 मोटराईज्ड ट्राइसाईकिल राशि 30 लाख 24 हजार (72×42000) एवं 21 सुगम्य केन राशि 84 हजार (21×4000) कुल 31 लाख 08 हजार रूपये का मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सुगम्य केन प्रदाय किया गया है।वितरण शिविर में दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत श्री सहेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत-मायापुर, जनपद पंचायत प्रतापपुर, श्री देवेन्द्र कुशवाहा ग्राम पंचायत-कोटेया, जनपद पंचायत भैयाथान, मो. समदानी ग्राम पंचायत बिसुनपुर, जनपद पंचायत रामानुजनगर, एवं मो. इमरान अंसारी ग्राम पंचायत नारायणपुर, जनपद पंचायत रामानुजनगर को प्रति हितग्राही 50 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया गया। वितरण शिविर में प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी, श्रीमती सुमन सिंह जिला पंचायत सदस्य, श्री बिहारी कुलदीप, श्री हीरालाल राजवाड़े, श्री दीपक गुप्ता, श्री संदीप अग्रवाल, श्री अजय अग्रवाल, श्री राजेश्वर तिवारी, श्री संस्कार अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधि तथा श्री परमेश्वर यादव एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दो दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन 11 एवं 12 मार्च को

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11 एवं 12 मार्च, 2024 को राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, अंबिकापुर में दो दिवसीय किसान मेला, नवाचार मेला तथा कृषि प्रदर्शनी ''अंकुरण'' का आयोजन किया जा रहा है। इस किसान मेले में कृषि महाविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित विभिन्न कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा अन्य इकाईयां द्वारा किसानों के लिए किये जा रहे नवीन अनुसंधान, प्रौद्योगिकी तथा नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। इनके अलावा राज्य शासन के कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभागों द्वारा संचालित किसान कल्याणकारी योजनाओं एवं गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही यहां नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कृषि उत्पादक समूहों तथा महिला स्वा-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों एवं तकनीकों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रौन्नत सोसायटी द्वारा किसानों को वर्मिकम्पोस्ट तथा भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में उपयोगी एजोस्पाइरीलम, पी.एस.बी. राइजोबियम एवं जेड.एस.बी. तरल जैव उर्वरकों को निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा।

शुभारंभ समारोह के दौरान एक कृषि उत्पाद विक्रय केन्द्र का लोकार्पण भी किया जाएगा जहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा उत्पादित विभिन्न किसानोपयोगी उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे जिनमें विभिन्न फसलों के बीज, पौध सामग्री, कृषि यंत्र, बायो फर्टिलाइजर, बायो इन्सेक्टिसाइड, पेस्टिसाइड एवं अन्य उत्पाद शामिल हैं।

# शिविर में अब तक 720 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस के लिए कराया पंजीयन



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

सडक़ सुरक्षा अभियान अंतर्गत आमनागरिकों कों सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में अब तक कुल 720 व्यक्तियों द्वारा लर्निंग लाइसेंस हेतु बीटीआई ग्राउंड पहुंचकर अपना पंजीयन कराया गया, शिविर मे आमनागरिकों कों यातायात के नियमो एवं उनका पालन करने की समझाईश भी दी जा रही हैं। लर्निंग लाइसेंस हेतु शिविर का आयोजन 10 मार्च तक किया गया हैं, शिविर कल दिनांक कों सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगा, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों से अपील करती हैं कि अधिक से अधिक संख्या मे शिविर मे शामिल होकर आयोजन का लाभ उठाये, सरगुजा पुलिस आमनागरिकों के सेवा एवं सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय बालिका एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

महिलाओं के सम्मान में प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग सरगुजा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में तीनदिवसीय बालिका एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 06 से 08 मार्च 2024 तक अम्बिकापुर में किया गया। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतियोगिता के समापन समारोह में अम्बिकापुर के राजमोहिनी भवन में छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के पुलिस महानिरीक्षक आरिफ शेख, संयुक्त संचालक शिक्षा हेमन्त उपाध्याय एवं संभागीय सेनानी श्री राजेश पाण्डेय उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों ने जीवन में खेल के महत्व को बताया एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई दी।





प्रतियोगिता खो-खो, कबड्डी, वॉलीबाल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स 100मी. दौड, रस्सीकूद, गोला फेंक खेल शामिल किए गए थे। जिसमें सातों विकासखंड से आए लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह, जोश और जज़्बे के साथ हिस्सा लिया।

**प्रतियोगिता में ये रहे विजेता-**

खो-खो खेल में प्रथम स्थान विकासखंड अम्बिकापुर के स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय, द्वितीय स्थान विकासखंड सीतापुर श्याम प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, तृतीय स्थान विकासखंड लखनपुर ने प्राप्त किया। कबड्डी में प्रथम स्थान विकासखंड अम्बिकापुर के हॉलीकास महिला महाविद्यालय, द्वितीय विकासखंड सीतापुर के श्याम प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, तृतीय स्थान अम्बिकापुर के स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय ने प्राप्त किया। वॉलीबाल में प्रथम स्थान विकासखंड अम्बिकापुर के होलीक्रॉस महिला महाविद्यालय, द्वितीय विकासखंड सीतापुर श्याम प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, तृतीय अम्बिकापुर स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय ने प्राप्त किया। बैडमिंटन में प्रथम आयुषि दीवान, द्वितीय मुस्कान यादव होलीक्रॉस महिला कालेज अम्बिकापुर, तृतीय आकांक्षा भगत अम्बिकापुर होलीक्रॉस महिला कालेज ने प्राप्त किया।रस्साकसी में प्रथम अम्बिकापुर होलीक्रॉस महिला कालेज, द्वितीय सीतापुर श्याम प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, तृतीय लखनपुर ने प्राप्त किया। एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में प्रथम अमिशा रानी सीतापुर, द्वितीय साक्षी टोप्पो बतौली, तृतीय लक्ष्मी राजवाडे अम्बिकापुर ने प्राप्त किया। गोला फेंक में प्रथम पूनम पैकरा अम्बिकापुर होलीक्रॉस, द्वितीय अमिशा रानी सीतापुर, तृतीय इलिशा लकड़ा मैनपाट विजेता रहे।

# जिले में आज हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत का किया गया आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर,09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशानिर्देशन में आज दिनांक 09 मार्च 2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश के कोर्ट कक्ष से श्री गोविन्द नारायण जांगड़े, जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजुपर, न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं बैंक अधिकारीयों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। खण्डपीठ क्र0 - 02 न्यायाधीश संतोष शर्मा, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर न्यायालय में पति-पत्नि के बीच विवाद के 6 मामले लगे थे। पति-पत्नी आपसी विवाद के कारण वर्षो से एक दूसरे से अलग रह रहे थे आज के नेशनल लोक अदालत में वर्षो से अलग रह रहे पति-पत्नी को आपसी राजीनामा, सुलाह समझौता कराकर 6 परिवारों को टूटने से बचाया है। उक्त टुटते परिवारों को जोड़ने में खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी न्यायाधीश संतोष शर्मा एवं सदस्यगण मनोज कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद यादव महत्वपूर्ण योगदान रहा। चाचा-भतीजा के मध्य लम्बे अरसे से चल रहे सिविल विवाद का हुआ निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम खण्डपीठ क्र0-4 न्यायाधीश श्रीमती सुषमा लकड़ा के न्यायालय में सिविल प्रकरण क्र0-961 / 2022 गंभीरन उम्र 64 वर्ष विरूद्ध मनोहर के मध्य विवादित भूमि के संबंध मे घोषण, निषेधज्ञ व विभाजन संबंधी प्रकरण जो कि ग्राम गणेशपुर स्थित पैत्रिक भूमि व मकान का है। बंदोबस्त के समय परिवार के वरिष्ठ सदस्य विपता (वर्तमान वादी एवं प्रतिवादी के पूर्वज) के नाम दर्ज हुआ है। विपता के मृत्यु के पश्चात् उसके दोनो पुत्रों का नाम दर्ज न होकर एक पुत्र प्रतिवादी मनोहर के नाम भ-राजस्व मे त्रुटिवश दर्ज हुआ। भू-अभिलेख मे दर्ज नाम के आधार पर प्रतिवादी स्वयं को एकमात्र स्वत्व धारी समझता था जिसका विवाद उभयपक्ष के मध्य था आज नेशनल लोक अदालत मे प्रतिवादी, वादी को उसका हिस्सा देने को तैयार हो गया और आपसी राजीनामा कर सुलाह समझौता कर दोनो अपने-अपने हिस्से मे रहने के लिए हंसी-खुशी से राजी हुये और विधिवत विभाजन हेतु तैयार होकर प्रकरण का निपटारा नेशनल लोक अदालत मे किये। उक्त समझौते में खण्डपीठ क्र0-4 के सदस्यगण श्री सुशील निगम, एम.एम.तिवारी, प्रकरण के अधिवक्तागण एम.के. गिरी व एस.एन. बघेल पक्षकार वादी गंभीरन प्रतिवादी मनोहर उपस्थित थे। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहार वाद,मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षो से लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्रीलिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे गये थे। प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में कुल 29 खण्डपीठ गठित किये गये थे। हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 904 लंबित प्रकरण एवं 6529 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गये थे। जिसमें कुल 1592 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर सफलता पूर्वक निराकरण कर कुल 30726826 /- रूपये का जिला सूरजपुर द्वारा अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत में कुल 1592 प्रकरणों से संबंधित पक्षकारगण लाभान्वित हुये ।



CMYK

# पुत्र को गृह क्षेत्र से पंच का चुनाव ना जीता पाने वाले भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया दावा...एक लाख मतों से लीड दिलाने का:सूत्र

**वार्ड पंच में परिवार के सदस्य को जीत दिला पाने में असफल लोग भी लोकसभा में एक लाख मतों की लीड दिलाएंगे?**

**प्रत्याशी से वह कर रहे दावा,वाहवाही के लिए है ऐसा दावा जमीनी हकीकत फिलहाल अलग**

**मामला भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी को कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कोरिया जिले से एक लाख मतों से बढ़त दिलाने के दावे से जुड़ा हुआ**

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रत्याशी से किया है दावा,कोरिया से एक लाख की बढ़त मिलेगी प्रत्याशी को**

**अविभाजित कोरिया में भाजपा संगठन फिलहाल है गुटबाजी का शिकार,चार चेहरे ही संगठन अन्य को नहीं तव्वजो**







-रवि सिंह-
कोरिया, 09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी को कोरिया जिले से एक लाख मतों की बढ़त मिलेगी ऐसा दावा भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष ने भाजपा की घोषित प्रत्याशी से किया है, अपने लिए समर्थन साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं से परिचय करने पहुंची भाजपा की कोरबा लोकसभा की घोषित प्रत्याशी ने से यह दावा जिलाध्यक्ष ने उनके कोरिया जिले आगमन पर किया है। वहीं अब जिलाध्यक्ष भाजपा के दावे के बाद यह सवाल खड़ा हो रहा है की क्या वह अपने दावे को सच कर दिखाने वाले हैं। वैसे जिलाध्यक्ष भाजपा कोरिया की बात करें तो वह अपने परिवार के सदस्य को ही वार्ड पंच के चुनाव में जीत दर्ज करा पाने में असफल साबित हो गए थे ऐसे में उनका एक लाख की बढ़त का दावा कितना सही साबित होगा यह चुनाव परिणाम के बाद स्पष्ट होगा। कोरिया जिले में भाजपा गुटबाजी का शिकार बनी ही हुई है,जिलाध्यक्ष के साथ चार चेहरे ही केवल नजर आते हैं शेष को वह खुद किनारे रखना चाहते हैं जैसा बताया जाता है क्योंकि उन्हे अन्य के सामने आने से खुद की कमियों और खुद की असफलताओं के सामने आने का भय रहता है। लगातार देखा जा रहा है की विधानसभा चुनाव जैसे ही संपन्न हुए वैसे ही भाजपा के अधिकांश कार्यकर्ता फिर से उपेक्षा का शिकार होने लगे जिनमे वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं जिन्हे लगातार कार्यक्रमों से भी दूर किया जाने लगा और उन्हे तवज्जो देना भी इसलिए बंद किया गया क्योंकि सीमित लोगों के साथ अधिक फायदा होगा।

ज्ञात होकी भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का बैकुंठपुर आगमन हुआ,जहां भाजपा कार्यालय में स्वस्फूर्त पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरोज पांडेय का स्वागत किया, इस दौरान सुश्री पांडेय कार्यकर्ताओं से रूबरू हुई और कमर कसकर चुनाव में लगने का आह्वान किया। उन्होने कार्यकर्ताओं से 400 का लक्ष्य पूरा करने के लिए मेहनत करने की अपील की साथ ही कांग्रेस पर परिवार वाद का आरोप भी उन्होने लगाया। इस दौरान अति उत्साह से लबरेज भाजपा के बड़बोले कोरिया जिलाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में अविभाजित कोरिया जिले से 1 लाख मतो से बढत का हवा हवाई वादा किया, जो कि कार्यकर्ताओं के भी गले नही उतर रहा है। जिलाध्यक्ष के दावे के बाद भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय में चटकारे ले रहे थे। ज्ञात हो कि जिलाध्यक्ष अपने पुत्र को अपने गृह क्षेत्र से पंच का चुनाव नही जीता सके थे वह लोकसभा चुनाव में 1 लाख की बढत का दावा कर रहे है जो कि हास्यप्रद है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कोरिया जिले से भाजपा को लगभग 40 हजार की बढत मिली थी हलांकि तब भाजपा के जिलाध्यक्ष स्व.तीरथ गुप्ता थे,उन्होने अपने संगठन क्षमता के बल पर पार्टी कार्यकर्ताओं को एक कर दिया था। तो वहीं संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में यदि अविभाजित कोरिया जिले में वोटों के हिसाब से भाजपा के बढत की बात करें तो भरतपुर सोनहत विधानसभा से 4919 वोट, मनेंद्रगढ विधानसभा से 11880 वोट और बैकुंठपुर विधानसभा से 25413 वोट मिलाकर कुल 42212 वोट की बढत है फिर भी जिलाध्यक्ष हवा हवाई दावा कर रहे हैं जो समझ से परे है।

## जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में कार्यकर्ता उपेक्षित,सोशल मीडिया में छलका कार्यकर्ता का दर्द

कोरिया जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल प्रदेश संगठन के सामने भले ही कितना भी हवा हवाई दावा कर वाहवाही लूटने की कोशिश कर लें लेकिन यह सच है कि उनके कार्यकाल में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकदम असंतुष्ट हैं,इसका कारण यह है कि वे सभी को नीचा दिखाने की कोशिश कर उटपटांग बोलते फिरते हैं। यही नही नेताओं की उपेक्षा करना उनकी आदत में शुमार है। सरोज पांडेय के आगमन के दौरान भी कुछ ऐसा ही हाल रहा जिसमें कई कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गई है,जिससे कि कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है,एक कार्यकर्ता ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद दूसरे दिन सोशल मीडिया में जिलाध्यक्ष की ओर इशारा करते हुए जमकर भड़ास निकाली। कार्यकर्ता ने लिखा कि अगर अकेले चुनाव लडवाना है और बैकुंठपुर में भाजपा कार्यकर्ता की जरूरत नही है तो अध्यक्ष महोदय साफ कर दीजिए इस बात को। बैकुंठपुर का एक भी व्यक्ति दिल से उस क्षद्य किंग मेकर को कुर्सी तक बैठने को नही देगा,ग्राम पंचायत की परीक्षा फेल व्यक्ति। तेरा अहंकार मै तोड़ूंगा तू लगा दे अपनी ताकत मेरे खिलाफ। बिरयानी खिलाओ एल्डरमैन बन जाओ। गोड़ गिरो रेस्ट हाउस का काजू भरो। क्या बैकुंठपुर की भाजपा परिवार तक सीमित हो गई है,वो चाहे जिसके बुलाए वो चाह जिसको नही बुलाए। पार्टी के संगठन को अहंकार आ गया है,कोई भी खड़ा होगा मोदी के नाम पर जीतेगा ही,ऐसे लोगो को समझिए सरोज दीदी। जिनका वजूद अपने घर के पंचायत तक नही है वो भी किंग मेकर खुद को समझते हैं। कार्यालय आना रात को 8 बजे दारू बिरयानी लेना और फिर 9 बजे घर में अपनी गाड़ी के बगल से निकलकर सो जाना और जीता दिए ये ग्राम पंचायत फेल। सोशल मीडिया में उपरोक्त भड़ास जिलाध्यक्ष के खिलाफ एक कार्यकर्ता द्वारा निकाली गई है, हलांकि कुछ देर बाद सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट भी कर दिया गया लेकिन तब तक खबरची ने पोस्ट अपने पास सुरक्षित कर लिया था। उक्त पोस्ट से समझा जा सकता है कि जिलाध्यक्ष के खिलाफ किस प्रकार आक्रोश है।

### कैसे दिला पाएंगे जिलाध्यक्ष 1 लाख वोट की बढत

भाजपा कार्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में लोकसभा उम्मीदवार सरोज पांडेय केसाथ स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल,लोकसभा क्षेत्र प्रभारी धरमलाल कौशिक, विधायक भैयालाल राजवाड़े,पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। उद्बोधन के दौरान ही जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने अविभाजित कोरिया जिले से 1 लाख से अधिक मतो से बढत दिलाने का दावा किया,उन्होन यह दावा कैसे किया यह तो वही बता सकते हैं लेकिन वर्तमान स्थिति में अविभाजित कोरिया जिले में वैसी स्थिति एकदम नही है कि भाजपा इतनी वोट बढत के रूप में हासिल कर सके। वर्तमान में अविभाजित कोरिया जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा के विधायक है, इन तीनों विधायकों को खुद मेहनत कर भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलानी होगी।

### जिलाध्यक्ष के भरोसे चुनाव आसान नही

ना तो संपन्न हुआ विधानसभा चुनाव जिलाध्यक्ष के बल पर जीता गया और ना ही आगामी लोकसभा चुनाव जिलाध्यक्ष के बल पर जीता जाएगा लेकिन आदत से लाचार जिलाध्यक्ष द्वारा बार-बार श्रेय लेने की कोशिश की जाती है। उम्मीदवार सरोज पांडेय समेत प्रदेश संगठन को इस बात को धरातल स्थल पर आकर समझना चाहिए एवं कुछ समय के लिए जिलाध्यक्ष से किनारे रहकर उनकी वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिए। जिलाध्यक्ष के भरोसे लोकसभा का चुनाव आसान नही है।

### ग्राउंड लेबल पर गायब है संगठन,सूची फर्जी

कहने और वाहवाही लेने को तो जिलाध्यक्ष ने कागज में पूरे कार्यकारणी की सूचि बनाई है लेकिन जब धरातल पर काम पड़ता है तो गिनती के वही कार्यकर्ता नजर आते हैं जिससे कि विभिन्न मोर्चा,प्रकोष्ठ,बूथ प्रभारी,शक्ति केन्द्र प्रभारी की सूचि फर्जी है इसका अंदाज लगता है।

### विधायक भैयालाल राजवाड़े को करनी होगी मेहनत

बैकुंठपुर विधानसभा से विधायक चुनाव गए भैयालाल राजवाड़े पर ही इस चुनाव में जीत दिलाने की पूरी जिम्मेदार होगी,हवा हवाई जिलाध्यक्ष के भरोसे चुनाव संचालन में पार्टी को विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ सकता है,जिलाध्यक्ष की कार्यक्षमता और वोट दिलाने की क्षमता कितनी है यह पार्टी पदाधिकारियों को भी मालूम है इसलिए विधायक भैयालाल राजवाड़े को सतर्क रहने की जरूरत है।

### विधानसभा चुनाव में काम कर रहे थे भैयालाल के व्यक्तिगत समर्थक

भैयालाल राजवाड़े ने इस बार का चुनाव 25 हजार से अधिक मतो से जीता है,इसके पीछे एक बड़ा कारण था कि क्षेत्र में अंबिका सिंहदेव के खिलाफ जबरजस्त माहौल था साथ ही बूथ स्तर पर ऐसे लोग काम करते देखे गए जो कि या तो अंबिका सिंहदेव का विरोध कर रहे थे या कि भैयालाल के खास समर्थक थे । भाजपा के कार्यकर्ता सिर्फ बैठको तक सीमित थे,उनकी सक्रियता बूथ स्तर पर ना के बराबर थी। अब लोकसभा चुनाव में क्या स्थिति होगी यह देखने वाली बात है।

## वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव का हुआ समापन



-संवाददाता-
कोरबा,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि पर्व पर पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री लखनलाल देवांगन, उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पाली महोत्सव कोरबा वासियो के लिए गौरव की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली देवाधिदेव भगवान शिव व महिषासुर मर्दिनी की नगरी है। यहां दूर-दूर से लोग भोलेनाथ के दर्शन के लिए आते है और अपनी मनोकामना पूरी होने की मनोरथ मांगते है। मंत्री श्री देवांगन ने आराध्य महादेव से सभी की इच्छाएं पूरी करने की प्रार्थना की। कैबिनट मंत्री ने कहा कि पाली महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन है। कार्यक्रम में बॉलीवुड, छालीवुड सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी कला संस्कृति का शानदार प्रस्तुति दी। जिसका हम सभी ने भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कला संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना एवं मंच के माध्यम से आमजनों का मनोरंजन करना है। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव का बहुत अच्छा आयोजन किया गया है, आगे भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के गठन के साथ ही विकास का कार्य प्रारंभ हो गया है। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही रामलला दर्शन योजना संचालित की गई है। किसानों को बकाया धान का बोनस उनके खाते में प्रदान की गई है। इस वर्ष 3100 रुपए प्रति क्विन्टल एवं 21 क्विन्टल प्रति एकड़ की दर से अन्न दाताओ से उपज की खरीदी की गई है। जिसके अंतर की राशि आगामी 12 मार्च को बोनस के रूप में प्रदान की जाएगी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। जिसके तहत 10 मार्च को प्रदेश के सभी पात्र माता बहनों को एक हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में आगे भी निरंतर कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, जनपद अध्यक्ष पाली श्रीमती दुलेश्वरी सिदार,सरपंच श्री सत्यनारायण पैकरा, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों सहित अधिकारियों ने कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद लिया। जिला प्रशासन द्वारा कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन, सांसद श्रीमती महंत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## स्वर्गीय शांति तिवारी की स्मृति में पुरस्कार,प्रोत्साहन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**महाशिवरात्रि और महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति सम्मान कार्यक्रम का किया गया आयोजन,आईआईएम के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हरेंद्र त्रिपाठी एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलदेव शर्मा हुए कार्यक्रम में शामिल**

-संवाददाता-
कोरिया/रायपुर, 09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



राजधानी के सेक्टर 27 अटल नगर नवा रायपुर में श्री हनुमान कल्याणनाथ जन सेवा समिति के बैनर तले महाशिवरात्रि और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया ,कार्यक्रम की शुरुआत श्री कल्याणनाथ बाबा के अभिषेक और भोग के साथ किया गया, उसके बाद सभी शिवभक्तो के सहयोग से महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम काशी से आये अर्चक श्री अमित दीक्षित ने मंत्रोचार के साथ समाज के सभी वर्ग के लोगों के स्वस्थ, दीर्घायु और खुशी हेतु संपन्न करवाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरेंद्र त्रिपाठी एओ आईआईएम रायपुर,पत्रकारिता विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा और त्रियम्बक राव सोनटके जी थे, अभिषेक के पश्चात भू संरक्षणम फाउंडेशन और निशा उपेंद्र एजुकेशनल और सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा समाज के 8 अग्रणी बच्चो और महिलाओं को श्रीमती शांति तिवारी स्मृति पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती शांति तिवारी स्मृति पुरुस्कार समाज के उन महिलाओं को दिया गया जिन्हों ने अपने जीवन में कुशल व्यक्तित्व के साथ शिक्षा, महिला शसक्तीकरण, पर्यावरण, समाज सेवा, और अन्य विषयों में सामाजिक उत्थान हेतु कार्य किया हो। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रसाद ने बताया कि नया रायपुर में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों की निरन्तरता के? लिए हमारी सोच है। हम युवा शक्ति के साथ समाज में शिक्षा स्वास्थ्य संस्कृति और पर्यावरण पर मिलकर काम करना चाहते हैं। स्वर्गीय शांति तिवारी की जीवन यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा है।? इस पुरुस्कार वितरण पर स्वर्गीय शांति तिवारी के पुत्र देवेंद्र तिवारी पूर्व सभापति जिला पंचायत कोरिया ने अपने माता जी द्वारा समाज में, शिक्षा, गरीब और असहायों हेतु किये गए सेवा कार्य को याद किया और लोगों से उनके कार्यों को साझा किया, और उपस्थित महिलाओं को घर से लेकर राज्य और देश के सुधार हेतु कार्य करने की अपील की और हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारियों ने समाज के गरीब और पिछड़े वर्ग को स्वर्गीय शांति तिवारी की स्मृति निरंतर सहयोग का निर्णय लिया गया।इस कार्यक्रम में पुरुस्कार प्रदान करने वालों बच्चो में ख्याति श्री क्लास 7 (विज्ञानं), भविष्य माहेश्वरी क्लास 5 (शिक्षा), अनुराधा क्लास 7 (खेल) और महिलाओं में पारुल त्रिपाठी (पूर्व सैनिक वेलफेयर), श्यामा साहू (योग), सुमन शर्मा (संगीत), ज्योति साहू (बीएसएफ), प्रसंशा खरे (ब्यापार) थी। कार्यक्रम की अद्यक्षता कल्याणनाथ जन सेवा समिति के डाक्टर एंड्रिया कोला, पुरुस्कार वितरण भू संरक्षणम के मधु तिवारी, और मंगला सोनटके द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रीति, प्रभा सेन, रूबी शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, पिंकी साहू, कविता पटेल, के अलावा सेक्टर 27, 29, 30 की अनेकों शिव भक्त और महिलाये उपस्थित थी।

## 'सजग कोरबा' के तहत रात्रि पैदल गस्त कर अपराधिक तत्व से जुड़े 23 लोगों पर पुलिस ने की कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा, 09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



जिला पुलिस कप्तान सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के के द्वारा रात्रि गश्त के तहत अपराधी एवं गुंडा बदमाशों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थाना/चौकी के द्वारा कार्यवाही किया गया है। जिसपर अमल करते हुए,कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा दिनांक 08/03/24 को रात्रि में पेट्रोलिंग एवं गश्त के दौरान 109 जाफो, 36(च) के तहत अपराधी एवं गुंडे बदमाशों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। सूत्र के द्वारा दी गई जानकारी पर पुलिस द्वारा उन स्थानों पर पैदल गस्त किया गया जहां से अपराधी तत्व की शिकायतें प्राप्त होती है ,पर पुलिस ने अधिकारियों के साथ पैदल भ्रमण किया साथ ही उन जगहों से अपराधी व गुंडे बदमाशों को पकड़ा गया एवं उनके खिलाफ कार्यवाही किया गया है। इस दौरान दिनांक 08/03/24 को ÷सजग कोरबा÷ अभियान के तहत 109 जाफो, 36(च) कार्यवाही करते हुए कुल 23 लोगों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही किया गया ढ्ढ थाना कोतवाली में कुल 05 प्रकरण,सिविल लाइन में कुल 08 प्रकरण,कटघोरा में कुल 03 प्रकरण,कुसमुंडा में कुल 03 प्रकरण,दीपका मैं कुल 02 प्रकरण,बालको में कुल एक प्रकरण,हरदीबाजार में कुल 01 प्रकरण । साथ ही पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगह पर पेट्रोलिंग एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 33 लोगों के विरुद्ध 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया । ÷सजग कोरबा÷ अभियान का उद्देश्य जिले को अपराधिक तत्व से मुक्त करद्भते हुए लोगों को सुरक्षा प्रदान करना ।

## दार्शनिक स्थल सारासोर पर चलाया गया सामूहिक श्रमदान सफाई अभियान

-संवाददाता-
सुरजपुर, 09 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत-भैयाथान की ग्राम पंचायत पहाड़अमोरनी के सारासोर में कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण के तहत सामूहिक स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। महाशिवरात्री के अवसर पर उक्त दार्शनिक स्थल में विशाल मेले का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। मेले के आयोजन पश्चात उक्त स्थल पर अत्यधिक मात्रा मे सुखा कचरा प्लास्टिक, कागज इत्यादि का खुले में बिखरे पड़े होते है। सामूहिक स्वच्छता श्रमदान में समस्त फैले सूखे कचरे को एकत्रित कर स्वेच्छग्राहियों के माध्यम से पृथककरण हेतु एस.आर.एल.एम. शेड तक पहुंचाया गया। जहां इसके सुरक्षित निपटान हेतु प्रक्रिया किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर द्वारा मंदिर समिति के समस्त सदस्यों को भविष्य में लगने वाले मेले में दुकानदारों को स्वयं का डस्टबिन रखने पर ही दुकान लगाने की अनुमति प्रदान किये जाने और मंदिर समिति को साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये कार्यक्रम में जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा एस.डी.एम.,तहसीलदार,सी.ओ. जनपद एवं कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा भैयाथान एवं जिला सलाहकार, विकासखण्ड, कलस्टर समन्वयक स्व.भा.मि.ग्रा. ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, पंच स्वच्छाग्रही एवं ग्रामीण जन तथा मंदिर समिति के सदस्य उपस्थिति थें।




# 7 वर्षों से पदस्थ सरगुजा के खाद्य अधिकारी किसकी कृपा से कर रहे हैं राइस मिलर संचालकों से वसूली ?

7 साल में दो बार सरगुजा में हुए पदस्थ...डरा धमकाकर राइस मिलरों से करते हैं वसूली

एक ही जिले में 7 वर्षों से पदस्थ खाद्य अधिकारी पर राइस मिलर संचालक ने लगाए गंभीर आरोप

30 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से राशि नही देने पर राईस मिलरों के साथ नही करते एग्रिमेन्ट

क्या भाजपा सरकार में भी राइस मिलिंग में हो रही है जमकर वसूली, सामने आने लगी शिकायत ?

क्वालिटी चेक का सत्यापन के नाम पर हो रही वसूली, पैसा मिलने पर खराब क्वालिटी भी सही और नहीं मिलने पर सही क्वालिटी भी खराब ?

एक राइस मिलर को 2 साल से नहीं मिला मिलिंग का पैसा...पैसा निकलवाने के लिए मांगी जा रही रिश्वत ,संबंधित अधिकारी की शिकायत उच्च स्तरीय


जिला खाद्य अधिकारी के लिए अन्य राइस मिलरों से वसूली करता है एक राइस मिलर




-भूपेन्द्र सिंह-
अंबिकापुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पिछ्ली सरकार में राइस मिलरों से मिलिंग के नाम पर खूब वसूली की गई थी वसूली करने के लिए भी हर जिले में अधिकारियों ने एक-एक राइस मिलरों को चुन रखा था जिनके माध्यम से पैसे की वसूली होती थी और सभी से वसूली की राशि इकट्ठा करके अधिकारी के पास पहुंचाया जाता था, उस समय प्रति किलो 1रुपए कमीशन लिया जा रहा था, जिसमें तत्कालीन मंत्री का नाम भी सामने आ रहा था पर वही सरकार परिवर्तन होने के बाद ऐसा लगा कि राइस मिलरों को इस परेशानी से छुटकारा मिल जाएगी पर ऐसा होता नहीं दिख रहा आज भी नई सरकार में पुराने अधिकारी इस तरीके से रिश्वत की मांग कर रहे हैं जैसे पहले करते थे, जबकि पहले के मुकाबले अब तो रिश्वत का दर भी बढ़ गया है वही पिछ्ली सरकार के कार्यकाल के दौरान राइस मिलरों के बकाया राशि निकालने के लिए भी अधिकारी खूब पैसा मांग रहे हैं जिसकी शिकायत अब सामने आई है। वहीं सरगुजा जिले के जिला खाद्य अधिकारी का सरगुजा से कुछ ऐसा मोह है की दो बार इस जिले के खाद्य अधिकारी बनाए गए और तकरीबन इस जिले में 7 साल का कार्यकाल इन्होंने पूरा कर लिया, अब इस जिला खाद्य अधिकारी को किस नेता मंत्री का संरक्षण है कि सरकार किसी की भी रहे इनका कोई कुछ नहीं कर सकता इनका, वहीं अब एक बार और इनकी शिकायत हुई है अब देखना यह होगा कि इनके ऊपर कार्यवाही होती है या नहीं या पुरानी सरकार के तरह ही यह भी सरकार इन पर मेहरबान रहेगी?

शिकायतकर्ता की शिकायत के अनुसार सरगुजा जिले के खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी पर अंबिकापुर के राइस मिलर संचालक जयशंकर साहू ने 30 रु प्रति क्विंटल



के हिसाब से राशि नही देने पर धान नहीं लेने और एग्रीमेंट नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत सरगुजा कलेक्टर से की है। राइस मिलर संचालक ने बताया कि 2017 से लगातार 2024 आज वर्तमान तक रविंद्र सोनी जिला खाद्य अधिकारी के पद पर बने हुए है, 2019 में 6 महीने के लिए दो अधिकारी आए उसके बाद फिर से रविंद्र सोनी उक्त पद पर काबिज होकर मनमाने ढंग से राइस मिलरो से एक राइस मिल के संचालक से ही अवैध तरीके से राशि वसूली करा रहे है,जिसकी जांच कराए जाने की मांग की गई है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में राइस मिलकर संचालक ने आरोप लगाते हुए कहा कि अम्बिकापुर में 7 वर्षों से पदस्थ खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी सरगुजा जिले में स्थापित लगभग 55 से 60 राईस मिल हैं जिनसे यह उगाही करते है,वह उन्ही राईस मिलरों के साथ एग्रिमेन्ट करते है, जो इन्हें 30 रु प्रति क्विंटल केहिसाब से रिश्वत देता है, रिश्वत की राशि नही देने पर उन राईस मिलरों के साथ एग्रिमेन्ट ही नही करता है, चाहे वे कितना भी आनलाईन आवेदन भरते रहें।

### अधिकारी इस राइस मिलर से कराते थे रिश्वत की राशि की उगाही

वर्तमान समय में खाद्य अधिकारी के लिए रिश्वत की राशि की उगाही दरीमा रोड के एक राईस मिल संचालक के माध्यम से कराने का आरोप है, जो रिश्वत की राशि नही दिया उसे काम ही नही देते है और न ही उसके साथ एग्रिमेन्ट करते है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह घटना उसके साथ स्वयं हो चुका है, उसका श्याम फुड प्रोडक्ट एवं श्याम एग्रो प्रोडक्ट के नाम पर राईस मिल है, वर्ष 2021-22 उसे काम दिए जाने का एग्रिमेन्ट किया गया था, जिसके पश्चात दो लाख चौदह हजार क्विंटल धान का काम आवेदक के द्वारा किया गया, तत्पश्चात बिलिंग होने पर खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी के एजेंट के द्वारा कमिशन की राशि बतौर चौंसठ लाख बीस हजार रूपये की मांग की गई, तब आवेदक के द्वारा बड़ी मुश्किल से छः लाख रूपये दिया गया।आरोप है कि कम राशि दिए जाने से रविंद्र सोनी नाराज हो गए और आगामि वर्षों से काम देना बंद कर दिया, जबकि आवेदक के द्वारा वर्ष 2023-24 में कस्टम मिल के पंजीयन हेतु आवेदन अरवा चावल हेतु आनलाईन आवेदन कमांक 63426 दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को एवं कस्टम मिल के पंजीयन हेतु आवेदन अरवा चावल हेतु आनलाईन आवेदन कमांक 63575 दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को एवं उसना चावल हेतु कस्टम मिल के पंजीयन हेतु आवेदन आनलाईन आवेदन कमांक 67416 दिनांक को जमा किया गया है। परन्तु आवेदक का पंजीयन नही किया गया है। राइस मिल संचालक जयशंकर साहू ने खाद्य आधिकारी रविन्द्र सोनी के विरूद्ध निष्पक्ष जाँच करते हुए समुचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### कई कलेक्टर आए-गए पर खाद्य अधिकारी का नहीं हुआ ट्रांसफर

सरगुजा जिले में 2017 से आज तक कई 3 कलेक्टर आए और चले गए लेकिन पदस्थ खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी 2017 से इस जिले में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 2019 में इनका स्थानांतरण हुआ लेकिन इस बीच सरगुजा जिले के खाद्य अधिकारी के पद पर दो अधिकारियों ने जॉइनिंग ली,लेकिन दोनों तीन-तीन महीने से ज्यादा टिक नहीं सके।अंततः रविंद्र सोनी पुनः 6 महीने बाद जिला खाद्य अधिकारी के पद पर पदस्थ हो गए और आज दिनांक तक बने हुए हैं।

### पूर्व खाद्य मंत्री के काफी करीबी रहे हैं रविंद्र सोनी

मौजूदा जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के काफी करीबी रहे है। उन्ही के समय ट्रांसफर के बाद भी रविंद्र सोनी को पुनः 6 महीने बाद सरगुजा जिले का खाद्य अधिकारी बना दिया गया था, 2019 से लेकर 2024 तक कई शिकायतें इनके विरूध हो चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। रविंद्र सोनी भाजपा के सत्ता में वापसी के बाद भी पद पर जमे हुए हैं और जिसके बाद समझा जा सकता है की सरकार किसी की हो उनकी मर्जी चलती रहने वाली है।

# जिला पंचायत सीईओ ने राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन के संबंध में की प्रेस वार्ता

## राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन 11 मार्च को रायपुर में पंचायती राज के सशक्तिकरण पर होगा विचार मंथन





-संवाददाता-
सुरजपुर, 09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 11 मार्च को राज्य स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में सूरजपुर जिले से भी हजारों पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा बताई। जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ श्री ऋषभ सिंह भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

सीईओ ने कहा कि सम्मेलन में 26 हजार पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें राज्य के 27 जिला पंचायतों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित कुल 400 जिला पंचायत सदस्य, 146 जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 2979 जनपद पंचायत सदस्य तथा 11647 सरपंच एवं इतने ही उप सरपंच सहित लगभग 26000 पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन में आमंत्रित किया जा रहा है। इसमें जिले के सभी सरपंच और उपसरपंच, जनपद सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा मंत्रीगण सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। कार्यकम में पंचायती राज संस्था के सशक्तिकरण तथा विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायत के द्वारा संकल्प पारित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नाम से अभिनंदन पत्र पारित किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री के प्रति विकास योजनाओं तथा व्यक्ति मूलक योजनाओं के अपने अपने पंचायतो में सफल क्रियान्वयन के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ( बिहान) 15वें वित्त आयोग आदि अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत जहां रोजगार की गारंटी दी जा रही है, वही प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के द्वारा आवासहीन व अन्य जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता व आर्थिक उन्नति के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं का समूह बनाकर उन्हें लखपति दीदी बनाने के लिए संगठित प्रयास किया जा रहा। महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए घर घर पक्के शौचालय का निर्माण किया गया है। राज्य सरकार की घोषणा पत्र में उल्लेखित मोदी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिला को 1000 हजार प्रतिमाह देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत निशुल्क रसोई गैस का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं का संचालन भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर जलेश्वर महादेव शिव मंदिर शिवपुर में किया गया भंडारा

-संवाददाता-
प्रतापपुर,09 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

महाशिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक जलेश्वर महादेव शिव मंदिर शिवपुर में जलाभिषेक के लिए आए हुए भक्तों को बजरंग दल प्रतापपुर इकाई द्वारा भंडारा लगाकर खीर का प्रसाद वितरित किया गया प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते पंडाल में जाकर , इस मेक कार्य में लगे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

नगर से लगे ऐतिहासिक स्वयंभू अर्धनारीश्वर जलेश्वर महादेव के मंदिर शिवपुर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है दूर-दूर से लाखों वक्त भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए यहां आते हैं इस अवसर पर बजरंग दल प्रतापपुर इकाई द्वारा भक्तों के लिए भंडारा लगाकर खीर का प्रसाद वितरित किया गया इस दौरान बाबा जलेश्वर नाथ का पूजा अर्चना करने के उपरांत प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश तायल विनोद जायसवाल के साथ पंडाल में जाकर , इस नेक कार्य में लगे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। भंडारा के आयोजन में सोनू शर्मा, शिवम गोयल,विक्रम नामदेव, अनुराग पटेल, बजरंग गोयल,अंकुश गुप्ता, अभिषेक कुशवाहा, सुजल श्रीवास्तव, सिम्पू यादव, दीपक जायसवाल, राजवर्धन,पुंजन सिंह, आकाश मित्तल(बाबू),अनुराग दुबे, सचिन तायल का एवं अन्य कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहयोग रहा ।



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव जिला-सूरजपुर.छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0........ब-121/2023-24

आम जनता ग्राम सलका को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिरोधन आ0 मंजीत जाति रजवार निवासी ग्राम सलका तहसील भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा अपने बाबा बउला का मृत्यु दिनांक 06/09/1995 को मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने बाबा का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत शुल्क अदा कर चालान की प्रति शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोईआक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 25/03/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से किया गया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी भगांव,जिला-सुरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव जिला-सूरजपुर.छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0........ब-121/2023-24

आम जनता ग्राम लक्ष्मीपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेषमन आ0 स्व0 रामप्यारी जाति पनिका निवासी ग्राम लक्षमीपुर तहसीलन भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा अपने पिता रामप्यारी का मृत्यु दिनांक 10/06/1992 को मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीयन बावत शुल्क अदा कर चालान की प्रति शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोईआक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 17/03/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 23/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से किया गया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी भगांव,जिला-सुरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भटगांव तहसील भटगांव जिला-सूरजपुर.छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0............ ब-12/2023-24

आम जनता ग्राम कोटेया को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम आ0 स्व0 जगसाय जाति गोंड निवासी ग्राम कोटेया तहसील भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा अपने बड़े माता मानमती का मृत्यु दिनांक 08/09/2007 को होने पर आवेदक द्वारा अपने बड़े माता का मृत्यु प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोईआक्षेप हो तो वह अपना आक्षेप दिनांक 12/04/2024 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 27/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी भगांव,जिला-सुरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा.छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

लखनपुर दिनांक- 01/03/2024

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम- अंधला
तहसील-लखनपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुरेश सिंह आ0 स्व0 बच्चा राम निवासी ग्राम अंधला तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (चाचा) स्व ननक राम की मृत्यु दिनांक 25/8/2009 को हो जाने से (जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रजि0 नियम 2001 के नियम (3) के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 12/3/2024 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 12/03/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

सील — तहसीलदार लखनपुर,सरगुजा

# इंडिया ने इंग्लैंड के क्रिकेट खिलाड़ियों की निकाली हेकड़ी

## भारत ने पांचवां टेस्ट पारी और 64 रन से जीता,सीरीज पर 4-1 से कब्जा

- 100वें टेस्ट में चमके अश्विन
- ये 5 कारण जिसकी वजह से टीम इंडिया ने दर्ज की धमाकेदार जीत
- स्पिनरों ने निकाली बैजबॉल की हवा

**धर्मशाला,09 मार्च 2024।** धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने पांचवें टेस्ट मैच को अपने नाम किया। पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत ने पारी और 64 रनों से जीत हासिल की। धर्मशाला में खेला गया यह टेस्ट मुकाबला महज तीन दिन में ही समाप्त हो गया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने 4-1 से सीरीज पर कब्जा जमाया।



### कुलदीप यादव की जबरदस्त गेंदबाजी

भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने पांचवें टेस्ट मैच में कमाल का प्रदर्शन किया पांचवें टेस्ट की पहली पारी में कुलदीप यादव ने पंजा जड़ा। कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट झटककर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने दो विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव की जबर्दस्त गेंदबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ दम मैच का अवॉर्ड दिया गया।

### अश्विन ने किया कमाल

अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने वाले रविचंद्रन अश्विन ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। अश्विन ने अपनी पहली पारी में चार और दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। भारत की इस जीत में रविचंद्रन अश्विनी की भी अहम भूमिका रही। अश्विन ने अपनी गेंदबाजी से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया।

### रोहित-गिल ने जड़ा शतक

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने पहली पारी में धमाकेदार शतक जड़ा। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की। रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर का 12वां तो वहीं शुभमन गिल ने चौथा शतक जड़ा। भारत की जीत में दोनों ही बल्लेबाजों का बड़ा योगदान रहा।

### युवा खिलाड़ियों ने किया इंप्रेस

भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने अर्धशतक जड़ा। इसके अलावा डेब्यू टेस्ट मैच में ही उन्होंने दो कमाल के कैच भी पकड़े। किसी भी खिलाड़ी के लिए अपने पहले टेस्ट में इस तरह का प्रदर्शन करना आसान नहीं होता। इसके अलावा सरफराज खान ने भी बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली।

### शानदार कप्तानी

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने दमदार कप्तानी करते हुए भारत की जीत में अहम योगदान दिया। रोहित शर्मा ने सही समय पर सही गेंदबाजों का चयन किया। भारतीय खिलाड़ियों ने भीअपने कप्तान के भरोसे को सही साबित किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हार्टले भारत में एकल टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन देने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर



**धर्मशाला,09 मार्च 2024।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा दूसरे सबसे ज्यादा रन दिए। शनिवार को। हार्टले ने भारत के खिलाफ सीरीज में अब तक खेले पांच मैचों में 795 रन दिए हैं। वह टीम के साथी आदिल राशिद से पीछे हैं, जिन्होंने 2016 में श्रृंखला में 861 रन दिए थे।इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उसकी पहली पारी 218 रन पर सिमट गई। जैक क्रॉली (108 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 79 रन) ने इंग्लैंड के लिए शीर्ष स्कोर बनाया, जबकि जॉनी बेयरस्टो (29) और जो रूट (26) ने भी महत्वपूर्ण रन बनाए।

### इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर ने 21 साल की उम्र में अनोखा रिकॉर्ड दर्ज किया



**धर्मशाला,09 मार्च 2024।** इंग्लैंड के युवा ऑफ स्पिनर शोएब बशीर पांचवे टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन के दौरान 21 साल की उम्र में दो फाइफ़र हासिल करने वाले पहले अंग्रेजी गेंदबाज बन गए। शनिवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मैच सीरीज। बशीर ने धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन के पहले सत्र के दौरान अपना अर्धशतक दर्ज किया। उन्होंने कुल 46.1 ओवर फेंके, जहां उन्होंने अपने स्पेल में 173 रन दिए और पांच मेडन ओवर फेंके। स्पिनर ने यशस्वी जयसवाल, देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, ध्रुव व जुरेल और जसप्रित बुमरा के विकेट लिए।

बशीर के अलावा, 21 साल की उम्र में फाइफ़र लेने वाले खिलाड़ी बिल वोस (1), जेम्स एंडरसन (1) और रेहान अहमद (1) हैं।

## अमनदीप द्राल ने चार शॉट से जीत हासिल की

**गुरुग्राम,09 मार्च 2024।** चौथे और अंतिम राउंड में अमनदीप द्राल ने रोलर कोस्टर की सवारी की, लेकिन महिला प्रो के पांचवें चरण में अपनी चार शॉट की बढ़त को बरकरार रखते हुए आसान जीत हासिल की। गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ क्लब में गोल्फ टूर। अमनदीप, जिन्होंने आखिरी बार 13 महीने पहले जीत हासिल की थी, दो शुरुआती बोगी और एक डबल बोगी से उबरकर बाद में 1-अंडर 71 और कुल 10-अंडर 278 के स्कोर पर कायम रहे। गौरिका बिश्नोई, जिन्होंने दूसरे दिन 66 का स्कोर किया, लेकिन वही जादू दिखाने में असमर्थ रहीं, उन्होंने भी 71 का स्कोर किया और 6-अंडर 282 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। खुशी खानिजाऊ (73) 3-अंडर 285 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि हिताशी बख्शी (72) और रिधिमा दिलावरी 74 के स्कोर के साथ शीर्ष-5 में रहीं। अंतिम दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ करने वाले अमनदीप ने दूसरे और तीसरे में बोगी कर ली, लेकिन दूसरे होल में गौरिका ने भी एक शॉट गंवा दिया, जिससे अमनदीप ने काफी बढ़त बनाए रखी। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें होल पर बर्डी लगाई, लेकिन गौरिका ने छठे होल पर एक शॉट गिरा दिया। सातवें होल पर बर्डी ने उसे एक बाहरी मौका दिया, लेकिन अमनदीप ने नौवें होल पर ईगल के साथ यह सुनिश्चित किया कि कोई बाधा न आए। यह उसका सप्ताह का चौथा ईगल था। बैक नाइन पर अमनदीप ने 11वें होल पर बर्डी लगाई लेकिन पार-4 17वें पर डबल बोगी गिरा दी। उसने समापन बर्डी के साथ इसे टाल दिया, क्योंकि गौरिका अपने अंतिम 11 होल में केवल एक बर्डी ही बना पाई। यह जीत अमनदीप के लिए भी काफी राहत लेकर आई, जिन्होंने फॉर्म में गिरावट के बाद लेडीज यूरोपियन टूर पर अपना पूरा टूर कार्ड खो दिया था। यह जीत उसे उत्साहित करेगी क्योंकि वह ऊंचे दौरों पर वापस जाने के लिए अपनी फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेगी। 2024 की पहली शुरुआत कर रही गौरिका के लिए यह एक अच्छी शुरुआत थी। वह अगले सप्ताह छठे चरण के लिए वापस आएंगी, साथ ही अमनदीप भी होंगी। सहर अटवाल और नेहा त्रिपाठी 76-76 अंकों के साथ संयुक्त छठे, अनन्या गर्ग (73) आठवें और लावण्या जादोन (74) शौकिया तौर पर शीर्ष और नौवें स्थान पर रहीं। जैस्मीन शेखर (70) और आस्था मदान (72) संयुक्त दसवें स्थान पर रहीं। स्नेहा सिंह, जिनका सप्ताह अच्छा नहीं रहा, ने चौथे दिन 71 रन बनाकर सप्ताह का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिसमें एक ईगल भी शामिल था। उसने टी-12 पूरा किया लेकिन यह उसे ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष पर बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस सप्ताह चौथे स्थान पर रहीं हिताशी बख्शी को अब शीर्ष सम्मान मिला है और स्नेहा उनके ठीक पीछे हैं। अमनदीप, जिनका सीज़न निराशाजनक चल रहा था, इस इवेंट में जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। खुशी खानिजाऊ और जैस्मीन शेखर मनी रैंकिंग में चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।



## अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हूं

**नई दिल्ली, 09 मार्च 2024।** विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह शारीरिक तौर पर बहुत अच्छी स्थिति में हैं और इससे पहले उन्होंने कभी इतना अच्छा महसूस नहीं किया था। चोपड़ा 2024 में पहली बार आउटडोर प्रतियोगिताओं में भाग लेने से पहले इस सप्ताह से तुर्की में अभ्यास शुरू करेंगे। चोपड़ा ने कहा,''मैं इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहता हूं। अभी तक मेरे अभ्यास सत्र बहुत अच्छे रहे हैं। मैं हमेशा ताकत और तकनीक के अलावा फिटनेस को भी पूरा महत्व देता हूं।'' उन्होंने कहा,''मैं लंबे समय बाद अभी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभ्यास और प्रतियोगिता एक जैसी नहीं होती हैं। जब आप भारत की तरफ से खेलते हो तो आपकी भावनाएं अलग तरह की होती हैं और आपका जोश अविश्वसनीय होता है।



## अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलने के लिए चार्टर्ड विमान से जाएगी भारतीय फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली, 09 मार्च 2024।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 21 मार्च को होने वाले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए चार्टर्ड विमान से सऊदी अरब के आभा जाएगी। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह जानकारी दी।भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक यात्रा संबंधी परेशानियों को लेकर एआईएफएफ के सामने गंभीर चिंताएं व्यक्त की थी जिसके बाद महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यह कदम उठाया। चौबे ने यहां जारी बयान में कहा,''हम राष्ट्रीय टीम से जुड़े मसलों पर कभी कोई समझौता नहीं करते हैं और इसलिए हमने अपने खिलाड़ियों को आभा पहुंचाने के लिए चार्टर्ड विमान किराए पर लेने का फैसला किया है।हम अपनी राष्ट्रीय टीम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।'' राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले शायद ही कभी यात्रा के लिए चार्टर्ड विमान का उपयोग किया हो। स्टिमक ने एआईएफएफ के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा,'' मैं बहुत खुश हूं और मुझे वास्तव में उम्मीद है कि खिलाड़ी एआईएफएफ के प्रयासों को समझेंगे।'' अफगानिस्तान के घरेलू मैच तटस्थ स्थल पर खेले जा रहे हैं जबकि भारत इस देश के खिलाफ अपना घरेलू मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में खेलेगा।

## जेम्स एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने

**धर्मशाला,09 मार्च 2024।** अनुभवी इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन शनिवार को एचपीसीए में भारत के खिलाफ पांचवें मैच के तीसरे दिन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए।

महान तेज गेंदबाज श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) और लेग स्पिनर शेन वार्न (708) के बाद खेल के सबसे लंबे प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए।धर्मशाला में पांचवें टेस्ट से पहले अपने खाते में 698 विकेट के साथ, एंडरसन की गेंद के साथ शुरुआत आदर्श से कम नहीं थी क्योंकि वह शुबमन गिल की उत्कृष्ट कृति का शिकार थे। अंततः, हालांकि, अनुभवी तेज गेंदबाज ने अपना 699वां शिकार हासिल करने के लिए युवा भारतीय खिलाड़ी पर जीत हासिल की।




एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन कुलदीप यादव को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। विकेट के चारों ओर से एक ऑफ-कटर ने कुलदीप को ड्राइव करने के लिए आकर्षित किया। गेंद ने बाहरी किनारा लिया और बाकी काम बेन फॉक्स ने स्टंप के पीछे किया। चूंकि वॉर्न और मुरलीधरन दोनों 40 वर्ष से कम उम्र के थे जब वे रहस्यमय 700-विकेट क्लब के सदस्य बने, 41 वर्षीय एंडरसन इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज हैं।

इस बीच, वार्न ही वह व्यक्ति थे, जिन्होंने 26 दिसंबर 2006 को इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में एंड्रयू स्ट्रॉस का विकेट लेकर इस विशिष्ट क्लब से बाहर कर दिया था। एक साल बाद मुरलीधरन उनके साथ इस सूची में शामिल हो गए, इस बीच, किसी भी खिलाड़ी को इस सूची में दो महान खिलाडियों में शामिल होने में लगभग 17 साल लग गए।

इंग्लैंड के लिए, ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने टेस्ट में अपना दूसरा पांच विकेट लिया, क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन की शुरुआत में भारत को पहली पारी में 477 रन पर आउट कर दिया। भारत के पास अब इंग्लैंड पर 259 रनों की बढ़त है, जिसमें शुबमन गिल और रोहित शर्मा क्रमशः 100 और 103 रन बना रहे हैं। मेजबान टीम को नवोदित देवदत्त पडिक्कल के 65 और सरफराज खान के 56 रनों से भी मदद मिली।



## त्वेसा मलिक 26वें स्थान पर रहीं

### सनशाइन लेडीज़ टूर पर ऑर्डर ऑफ मेरिट में पांचवें स्थान पर रहीं

**गौतेंग,09 मार्च 2024।** त्वेसा मलिक, जिन्होंने एक दिन पहले कट में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की थी, 73 के तीसरे और अंतिम राउंड के साथ समाप्त हुई और सनशाइन लेडीज़ टूर पर एडीटी लेडीज़ चैलेंज में संयुक्त 26वें स्थान पर रहीं। दक्षिण अफ्रीका में। त्वेसा के लिए अंतिम राउंड में चार बर्डी और पांच बोगी के साथ उतार-चढ़ाव रहा, क्योंकि उन्होंने 74-71 के अपने पहले दो राउंड में 73 जोड़े और 2-ओवर 218 पर समाप्त हुई। त्वेसा ने तीसरे और पांचवें पर पार-5 पर बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन छठे और आठवें पर बोगी के साथ उन्होंने उन दोनों शॉट्स को वापस कर दिया। उसने नौवें होल में तीसरी बर्डी लगाकर 1-अंडर हासिल कर लिया। हालाँकि, 11वें, 15वें और 17वें पर बोगी ने उसे फिर से पीछे खींच लिया और वह 1-ओवर पर समाप्त हो गई। पूर्व महिला प्रो गोल्फ टूर नंबर 1 तवेसा ने दो सप्ताह पहले अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय जीत के लिए सुपरस्पोर्ट लेडीज़ चैलेंज जीता था। वह अब सनशाइन लेडीज़ ऑर्डर ऑफ मेरिट में पांचवें स्थान पर हैं। जर्मनी की हेलेन क्रेउज़र ने 66 का स्कोर किया और डेनमार्क की टीना मजारिनो (65) के साथ शीर्ष पर रहीं, जिन्होंने पिछले नौ में 5-अंडर 31 का स्कोर बनाकर प्ले-ऑफ के लिए मजबूर किया। दोनों खिलाड़ी 54 होल के बाद 12-अंडर थे। फिर, क्रेउज़र ने खिताब के लिए प्ले-ऑफ़ जीता। ओवरनाइट लीडर, स्वीडन के एलेन हचिंसन-के, 72 के अंतिम राउंड और कुल 9-अंडर 207 के साथ समाप्त हुए। चार खिलाड़ी, जर्मनी की वेरेना गिम्मी (64), दक्षिण अफ़्रीकी कीरा फ़्लॉइड (66) और जर्मनी की कैरोलिन कॉफ़मैन (69) चौथे स्थान के लिए बराबरी पर रहे। त्वेसा अपना अगला मुकाबला रॉयल केप गोल्फ क्लब में स्टैंडर्ड बैंक लेडीज ओपन में खेलेंगी। सनशाइन लेडीज़ टूर में आठ कार्यक्रम निर्धारित हैं और तवेसा को उन सभी में छूट दी गई है। दो आयोजनों को लेडीज़ यूरोपियन टूर के साथ सह-स्वीकृत किया गया है।

## कल्कि 2898 एडी से प्रभास की नई झलक आई सामने




नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म कल्कि 2898 एडी पिछले लंबे वक्त चर्चा में हैं।प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे सितारों से सजी फिल्म यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म में से एक है।दिग्गज अभिनेता कमल हासन भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे।अब महा शिवरात्रि के खास मौके पर निर्माताओं ने कल्कि 2898 एडी का नया पोस्टटर साझा किया है, जिसमें प्रभास का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है।कल्कि 2898 एडी एक पौराणिक साइंस फिक्शन फिल्म है, जिसे 600 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।फिल्म में प्रभास का किरदार भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित है।पोस्टर साझा कर निर्माताओं ने दर्शकों को प्रभास के किरदार से मुलाकात करवाई है। फिल्म में उनका नाम भैरवा होगा।उन्होंने लिखा, काशी की भविष्य की गलियों से, भैरवा से मिलिए। भैरव के रूप में प्रभास का लुक स्टाइल, रॉयल्टी और तीव्रता को दर्शाता है, जिसमें अभिनेता चश्मा और पोनीटेल पहने हुए हैं। इस स्टाइलिश उपस्थिति ने फिल्म के प्रति प्रत्याशा को और बढ़ा दिया है।प्रभास के अलावा, फिल्म में दिग्गज कमल हासन और अमिताभ बच्चन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जो परियोजना की स्टार पावर को बढ़ाते हैं। दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी को मुख्य महिला भूमिका में लिया गया है, जिससे समूह में ग्लैमर और प्रतिभा जुड़ गई है। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन द्वारा तैयार किया गया है, जो एक मनोरम और गहन संगीत अनुभव का वादा करता है।कल्कि 2898 एडी 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

## शैतान से जानकी बोदीवाला का बॉलीवुड डेब्यू

अजय देवगन की फिल्म शैतान से जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है. जानकी बोदीवाला बॉलीवुड में डेब्यू से पहले गुजराती सिनेमा का जाना-माना नाम है. शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है. वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं.अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका स्टारर मच अवेटिड शैतान शुक्रवार, 8 मार्च को सिनेमाघरों में आ गई है. 7 मार्च को फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में हुई, जिसमें फिल्म की स्टारकास्ट के साथ बॉलीवुड के कई सितारों ने भी हिस्सा लिया. फिल्म की स्क्रीनिंग में अजय देवगन की बेटी का किरदार निभा रही जानकी बोदीवाला भी पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस में पहुंची. इस फिल्म के साथ गुजराती एक्ट्रेस जानकी बोदीवाली ने भी बॉलीवुड में अपना पहला कदम रखा है. शैतान की स्पेशल स्क्रीनिंग में जानकी बोदीवाला पिंक कलर की ग्लैमरस ड्रेस पहनकर पहुंची थीं. इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उन्होंने पैपराजी को भी खूब पोज दिए. जानकी ने इस पिंक ड्रेस के साथ ब्लैक हाई हील्स पहनी थी. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा हुआ था और लाइट मेकअप में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. बता दें कि शैतान गुजराती फिल्म वश का रीमेक है. वश में जानकी बोदीवाला ने यही किरदार निभाया था, जो वह शैतान में निभा रही हैं.30 अक्टूबर 1995 को अहमदाबाद, गुजरात में जन्मी जानकी बोदीवाला एक शानदार एक्ट्रेस हैं. उन्हें गुजराती सिनेमा में छेलो दिवसः ए न्यू बिगिनिंग (2015), दौड़ पकड़ और वश (2023) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है.जानकी बोदीवाला ने अपनी स्कूली पढ़ाई के बाद गांधीनगर के गोयंका रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस में एडमिशन लिया. यहां उन्होंने बेचलर ऑफ डेंटल साइंस (बीडीएस) की पढ़ाई शुरू की. ग्रेजुएशन के बाद जानकी ने अपने एक्टिंग के पैशन को फॉलो किया.उन्होंने डेंटिस्ट में अपना करियर बनाने की बजाय एक्टिंग को अपने करियर के रूप में चुना. उन्होंने 2019 में मिस इंडिया ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लिया. वह गुजरात की टॉप 3 फाइनलिस्ट में से एक रहीं.





## विष्णु मांचू का फिल्म कन्नप्पा से नया लुक जारी

महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, विष्णु मांचू-स्टारर कन्नप्पा के निर्माताओं ने फिल्म के फर्स्ट-लुक पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें विष्णु को भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त के रूप में दिखाया गया है।पोस्टर में विष्णु को अद्वितीय करिश्मा और तीव्रता के साथ भक्त कन्नप्पा के रूप में दिखाया गया है।पोस्टर में, विष्णु झरने से निकलने के बाद धनुष और तीर के साथ खड़े हैं, अपने लक्ष्य पर अपनी शक्ति दिखाने के लिए तैयार हैं।यह छवि भक्ति और दृढ़ संकल्प का संकेत देती है जो कन्नप्पा के चरित्र को परिभाषित करती है।पोस्टर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए, विष्णु ने लिखाः भगवान शिव के सबसे बड़े भक्त कन्नप्पा को चित्रित करने के लिए सम्मानित और विशेषाधिकार प्राप्त हूं। आज महाशिवरात्री पर, यहां आपका कन्नप्पा है।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)